आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 18- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 18 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

भारत के इतिहास की सबसे बड़ी सजा

# 38 को फांसी, 11 को उम्र कैद



**अहमदाबाद। अहमदाबाद में 26 जुलाई 2008 को हुए सीरियल ब्लास्ट मामले के दोषियों को शुक्रवार को सजा सुनाई गई। 38 दोषियों को फांसी और 11 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। 8 फरवरी को सिटी सिविल कोर्ट ने 78 में से 49 आरोपियों को, क्व (गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम) के तहत दोषी करार दिया था। इनमें से एक एक दोषी, अयाज सैयद, को जांच में मदद करने के एवज में बरी किया जा चुका है। इसके अलावा 29 भी सबूतों के अभाव में बरी हो चुके हैं। कोर्ट ने कहा कि इन धमाकों में मारे गए लोगों के परिजनों को एक लाख, गंभीर घायलों को 50 हजार और मामूली घायलों को 25 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।**



## अहमदाबाद ब्लास्ट में 14 साल बाद इंसाफ

### 70 मिनट में हुए थे 21 धमाके

26 जुलाई 2008, यही वह दिन था जब 70 मिनट के दौरान 21 बम धमाकों ने अहमदाबाद की रूह को हिलाकर रख दिया। शहर भर में हुए इन धमाकों में कम से कम 56 लोगों की जान गई, जबकि 200 लोग घायल हुए थी। धमाकों की जांच-पड़ताल कई साल चली और करीब 80 आरोपियों पर मुकदमा चला। पुलिस ने अहमदाबाद में 20 प्राथमिकी दर्ज की थीं, जबकि सूरत में 15 अन्य प्राथमिकी दर्ज की गई थीं, जहां विभिन्न स्थानों से भी जिंदा बम बरामद किए गए थे।

### नहीं फट पाए थे 29 बम

ब्लास्ट के बाद गुजरात की सूरत पुलिस ने 28 जुलाई और 31 जुलाई 2008 के बीच शहर के अलग-अलग इलाकों से 29 बम बरामद किए थे, जिनमें से 17 वराछा इलाके के और अन्य कतारगाम, महिधरपुरा और उमरा इलाके के थे। जांच में पता चला कि गलत सर्किट और डेटोनेटर की वजह से इन बमों में विस्फोट नहीं हो पाया था।

### गोधरा कांड के जवाब में किए गए थे ब्लास्ट

ये ब्लास्ट आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन और बैन किए गए स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया से जुड़े लोगों ने किए थे। विस्फोट से कुछ मिनट पहले, टेलीविजन चैनलों और मीडिया को एक ई-मेल मिला था, जिसे कथित तौर पर इंडियन मुजाहिदीन ने धमाकों की चेतावनी दी थी। पुलिस का मानना था कि ढ्रूके आतंकियों ने 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के जवाब में ये धमाके किए। ( शेष पेज 5 पर )




( फाइल फोटो )

## कुमार विश्वास के बयान पर बुरे फंसे चुनाव आयोग के अधिकारी

### केजरीवाल वाला वीडियो हटाने का दिया था आदेश

चंडीगढ़। कवि कुमार विश्वास का नाम इन दिनों पंजाब की राजनीति में खूब गुंज रहा है। उन्होंने हाल के दिनों में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सनसनीखेज आरोप लगाए थे। इस पूरे सियासी विवाद के लपेटे में पंजाब के अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी डीपीएस खरबंदा भी आ गए हैं। उन्होंने कुमार विश्वास के बयान को राजनीतिक दलों और मीडिया घरानों को वीडियो क्लिप नहीं चलाने के लिए आदेश जारी किया था। जिसे पंजाब सीईओ कार्यालय ने घंटों के भीतर ही वापस ले लिया था। एक अंग्रेजी दैनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव आयोग की जानकारी के बिना अतिरिक्त सीईओ ने यह आदेश जारी किया था। कथित तौर पर राज्य के सीईओ द्वारा भी इस आदेश को अनुमोदित नहीं किया गया था। चुनाव आयोग ने मामले को गंभीरता से लिया है। पत्र जारी करने वाले अतिरिक्त सीईओ के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। आपको बता दें कि यह मामला उस समय सुर्खियों में आया जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पंजाब की एक रैली में कुमार विश्वास के बयान का सहारा लेकर अरविंद केजरीवाल पर खूब हमला किया। प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ये लोग पंजाब और देश को तोड़ना चाहते हैं। ये सत्ता पाने के लिए अलगाववादियों से हाथ मिलाने को तैयार हैं।





## अगर बम फटता तो 500 मीटर के दायरे में मच जाती तबाही

### सीमापुरी आइईडी : स्लीपर सेल से जुड़े हो सकते हैं संदिग्ध युवक के तार

नई दिल्ली। राजधानी के पुरानी सीमापुरी के सुनार वाली गली के जिस मकान से आइईडी बरामद की गई, उसमें करीब तीन किलो तीन किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल होने की जानकारी सामने आई है। अगर यह आइईडी फट जाता तो आसपास के 500 मीटर के दायरे में बड़े पैमाने पर तबाही मच जाती। हालांकि इस आइईडी मे विस्फोटक कौन सा था? इस आइईडी को तैयार करने में क्या-क्या इस्तेमाल किया गया था? फिलहाल इसे लेकर अबतक कोई अधिकारिक बयान नही आया है। लेकिन आशंका जताई जा रही है कि इसमें आरडीएक्स व अमोनियम नाइट्रेट हो सकता है। हालांकि जांच पूरी होने के बाद ही इसपर खुलासा किया जाएगा। हालांकि सूत्रों की मानें तो यह विस्फोटक गाजीपुर से मिले आइईडी से काफी मेल खाता है। खासबात यह है कि एजेंसियां यह भी मान रही हैं कि कुल्लू में भी बरामद विस्फोटक इसी तरह का था। सूत्रों के मुताबिक, 29 जनवरी की रात हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में पार्किंग में खड़ी एक कार में हुए धमाके के तार गाजीपुर में बरामद आइईडी से जुड़े हैं। बताया जा रहा है कि एफएसएल की टीम ने कार से जो मैगनेट बरामद किए थे, वो गाजीपुर से भी बरामद एक्सप्लोसिव से मेल खाते हैं।

### बीते दिन 25 हजार नए मामले आए, एक्टिव केस 3 लाख से नीचे

## कोरोना से मुक्ति की ओर देश !

### 8.5प्रश बुजुर्गों ने नहीं ली वैक्सीन

नई दिल्ली। मार्च-2021 से देश में 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों के कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण की शुरुआत हुई। 10 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद साढ़ेआठ फीसदी से ज्यादा बुजुर्गों को अभी एक भी डोज नहीं लगी है जबकि करीब पौने दो करोड़ बुजुर्ग ने दूसरी डोज नहीं ली है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार देश में एक करोड़ 20 लाख 82 हजार 792 लोगों ने वैक्सीन एक भी डोज नहीं ली है। कुछ राज्यों का कहना है कि संभव है कि कई बुजुर्गों ने अन्य राज्य में वैक्सीन लगवा ली हो। हालांकि, इसकी पक्की जानकारी राज्यों के पास उपलब्ध नहीं है। केन्द्र ने राज्यों से मिले आंकड़ों के आधार पर मानती है कि एक करोड़ 20 लाख से ज्यादा बुजुर्गों ने वैक्सीन की एक भी डोज नहीं ली है। तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 26 लाख से अधिक, पश्चिम बंगाल में 15 लाख, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सबसे ज्यादा बुजुर्गों ने वैक्सीन नहीं लगवाई है। इसमें से सिर्फ राजस्थान ने कहा है कि संभव है बुजुर्ग दूसरे राज्य चले गए हों और वहां वैक्सीन लगवा ली हो।हालांकि यह स्पष्ट नहीं है। देश में अभी तक 174 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की डोज लग चुकी है।



,**नई दिल्ली।** देश में बीते दिन कोरोना वायरस से संक्रमण के 25,920 नए केस मिले, जो कि बुधवार की तुलना में 4,837 कम है। इस दौरान 492 मरीजों की मौत हुई और 66,254 लोग ठीक हुए। फिलहाल पूरे देश में कोरोना के 2,92,092 एक्टिव केस हैं। डेली पॉजिटिविटी रेट 2.07प्रतिशत है। वीकली पॉजिटिविटी रेट 2.76प्रतिशत है। फिलहाल रिकवरी रेट 98.12प्रतिशत है। देश भर में अब तक 4,19,77,238 लोग रिकवर हो चुके हैं। पूरे देश में गुरुवार को 12,54,893 कोरोना टेस्ट हुए। अब तक 75.68 करोड़ से ज्यादा टेस्ट हो चुके हैं। कोरोना महामारी के खिलाफ वैक्सीनेशन कैंपेन जारी है। देश भर में अब तक 174.64 करोड़ वैक्सीन डोज लग चुकी है। महाराष्ट्र में गुरुवार को कोरोना के 2,797 नए मामले दर्ज किये गए, जिसके बाद राज्य में कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या 78,53,291 हो गई। पिछले 24 घंटों में 40 लोगों ने कोरोना के कारण अपनी जान गंवाई, जिसके बाद कुल कोरोना मृतकों का आंकड़ा 1,43,532 हो गया है। राज्य में ओमिक्रॉन का एक भी ताजा मामला सामने नहीं आने के कारण नए वायरस के मामलों की संख्या 4,456 पर बनी हुई है। इस दौरान 6,383 रोगी कोरोना मुक्त हुए जिससे स्वस्थ होने वालों की कुल संख्या 76,81,961 हो गई।

## तंगहाली ने पहुंचाया सलाखों के पीछे

**नई दिल्ली।** झारखंड के एक शिक्षित व्यक्ति ने तंगहाली में ऐसा कदम उठाया, जिसने उसे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। नौकरी पाने के लिए उसने रिश्वत की पेशकश की जिसके कारण वह जेल पहुंच गया। इस व्यक्ति ने झारखंड विश्वविद्यालय में रजिस्ट्रार/डिप्टी रजिस्ट्रार की नौकरी पाने के लिए पहले एक लाख रुपये की रकम की व्यवस्था की और फिर उस रकम का चेक और नौकरी के आग्रह के लिए एक पत्र स्पीड पोस्ट से मानव संसाधन विकास मंत्रालय को भेज दिया। मंत्रालय की तरफ से इसकी शिकायत पुलिस को की गई। 11 साल पुराने इस मामले में अदालत ने दोषी को रिश्वत की पेशकश करने पर छह महीने जेल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक हजार रुपये का जुर्माना किया है। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश किरण बंसल के समक्ष यह मामला आया। दरअसल, इस व्यक्ति की आर्थिक तंगी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 11 साल बाद यह आरोपी 6 जनवरी को पुलिस की गिरफ्त में आया। 13 जनवरी को इस आरोपी को अदालत से जमानत भी मिल गई। लेकिन, एक बार फिर जमानत राशि को कम कराने के लिए याचिका दायर की गई।



## महंगाई भत्ते के एरियर पर जल्द हो सकता है फैसला

नई दिल्ली ।मोदी सरकार केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के 18 महीने के बकाया महंगाई भत्ते (डीए) पर जल्द फैसला कर सकती है। नेशनल काउंसिल ऑफ ज्वाइंट कंसलटेटिव मशीनरी (जेसीएम) ने सरकार ने महंगाई भत्ते के एरियर का एकमुश्त भुगतान करने की मांग की है। अंतिम फैसले के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), वित्त मंत्रालय और व्यय विभाग के अधिकारियों की जल्द बैठक होने की संभावना जताई जा रही है।गौरतलब है कि कोरोना काल में सरकार ने जनवरी 2020 से जून 2021 तक डीए के भुगतान पर रोक लगा दी थी। बाद में सरकार ने जुलाई 2021 से डीए में बढ़ोतरी तो की, मगर 10 महीने के डीए के भुगतान मामले में कोई निर्णय नहीं लिया। तब से केंद्रीय कर्मचारियों से जुड़े यूनियन एरियर का भुगतान करने की मांग कर रहे हैं।

## ठाणे में बर्ड फ्लू की दस्तक

### 100 पक्षी मरे, 25000 पक्षियों को मारने की तैयारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जि़ले के शाहपुर तहसील के वेहलोली गांव में एक पोल्ट्री फार्म में करीब 100 मुर्गियों की अचानक मौत हो जाने से हडकंप मच गया है। ठाणे के डीएम और कलेक्टर राजेश जे. नार्वेकर ने कहा है कि बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए उनके नमूने पुणे की एक प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। डीएम राजेश जे. नार्वेकर ने साथ ही कहा है कि अगले कुछ दिनों में प्रभावित पोल्ट्री फार्म के एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले करीब 25,000 पक्षियों को मारा जाएगा। जि़ला पशुपालन विभाग को संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए उपाय करने का आदेश दिया गया है।

बोम्मई सरकार ने जारी किए आदेश

## कर्नाटक के अल्पसंख्यक स्कूलों में भी हिजाब पर प्रतिबंध

बेंगलुरु ।कर्नाटक केअल्पसंख्यक स्कूलों में भी हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राज्य की बोम्मई सरकार ने गुरुवार को इसको लेकर आदेश जारी किए हैं। राज्य के मौलाना आजाद मॉडल अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों सहित अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को हिजाब पहनने से रोक दिया गया है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, हज और वक्फ विभाग के सचिव मेजर मणिवन्नन पी ने इससे संबंधित आदेश जारी किए हैं। विभाग ने अपने आदेश में कर्नाटक हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश का जिक्र किया है जिसमें छात्र-छात्राओं को कक्षा के भीतर भगवा शॉल, स्कार्फ और हिजाब पहनने से रोक दिया गया है। आदेश में कहा गया है, हाईकोर्ट का उपरोक्त आदेश अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत आने वाले आवासीय विद्यालयों, महाविद्यालयों, मौलाना आजाद आदर्श अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों पर भी लागू है।



### शिवराज कैबिनेट में होंगे कई महत्वपूर्ण

## अब कर्मचारी चयन बोर्ड होगा व्यापमं का नाम

भोपाल ।आठ मार्च को विधानसभा में प्रस्तुत होने वाले वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट प्रस्ताव को मंजूरी के लिए आज कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। इसके ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। बजट का फोकस अधोसंरचना विकास के साथ कृषि, रोजगार और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने पर रहेगा। वहीं, प्रदेश में रेत परिवहन में लगे वाहनों से टैक्स वसूला जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे अंतिम निर्णय के लिए शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रस्तावित कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) का नाम सरकार बदलकर कर्मचारी चयन बोर्ड करेगी। इसके साथ ही इसका प्रशासकीय नियंत्रण तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की जगह सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपा जाएगा। व्यापम द्वारा आयोजित सरकारी नौकरी और मेडिकल कालेजों की प्रवेश परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई थी और सीबीआइ जांच तक हुई। सूत्रों के अनुसार बजट में आत्म निर्भर मध्य प्रदेश की कार्ययोजना की पूर्ति के लिए पर्याप्त प्रविधान रखे जाएंगे। सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट को तैयार किया गया है। अधोसंरचना विकास के लिए पूंजीगत व्यय मौजूदा वित्तीय वर्ष के मुकाबले बढ़ाना प्रस्तावित है। कृषि, छोटे उद्योग और रोजगार के अवसर को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त राशि संबंधित विभागों को आवंटित की जाएगी। प्रदेश सरकार रेत परिवहन में लगे वाहनों पर सड़कों के रखरखाव के नाम पर टैक्स लगाने की तैयारी में है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें रेत खनन के प्रत्येक परिवहन पास में व्यावसायिक ट्रैक्टर से पांच सौ, डंपर या ट्रक से एक हजार और मल्टी एक्सल वाहन से दो हजार रुपये सड़क संधारण शुल्क लिया जाएगा।





## ऑस्ट्रेलिया में तैराक को जिंदा निगल गई शार्क

**सिंडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से खौफनाक मामला सामने आया है। यहां शार्क से हमले से एक तैराक की मौत हो गई। करीब 60 साल में शहर के किसी बीच पर इस तरह की पहली मौत है। इस घटना के बाद बोंडी और ब्रोंटे सहित कई समुद्री तटों को बंद कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया पुलिस के अनुसार यह हमला बुधवार को हुआ। मृतक के अवशेष पानी से निकाल लिए गए हैं। शार्क द्वारा हमले का वीडियो समुद्र तट पर मौजूद किसी शख्स ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा हैवीडियो सिडनी से करीब 20 किमी दूर दक्षिण में लिटल बे बीच का है। जिसमें शार्क को तैराक पर हमला करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक शख्स ने बताया कि उसने तैरात को देखा था। जिसे शार्क खींचकर पानी के अंदर ले गई। व्यक्ति के कहा कि जब वह पानी के अंदर जा रहा था। तब पानी में हलचल हो रही थी, जो बहुत भयानक था। उसने कहा, च्मैं अब भी डरा हूं। चंद सेकड के अंदर यह सब हुआ। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक शार्क तैरते हुए शख्स पर हमला कर रही है। तैराक शार्क से बचने की पूरी कोशिश करता है, लेकिन सफल नहीं हो पाता। आखिर में शार्क उसे पूरा निगर जाती है।

# देवगुरु बृहस्पति होंगे अस्त

# अब 53 दिन तक विवाह के मुहूर्त नहीं

## विवाह के पहले सीजन के अब तीन मुहूर्त शेष, इसके बाद अप्रैल में होगी शादियां



**जबलपुर।** कोरोना से राहत मिलने के बाद भले ही पूरी क्षमता के साथ वैवाहिक आयोजन करने की अनुमति जिला प्रशासन से मिल गई हो लेकिन एक बार फिर 53 दिन शहनाई नहीं बजेगी। ऐसा देवगुरु बृहस्पति के अस्त होने के साथ होलाष्टक और सूर्य के मीन राशि में आने से मीन का मलमास लगने की वजह से होगा। विवाह के पहले सीजन के अंतिम तीन मूहूर्त अब 18,21 और 22 फरवरी के शेष है। इसके बाद 23 फरवरी से 16 अप्रैल तक 53 दिन शहनाई नहीं बजेगी। ज्योतिर्विदों के मुताबिक बृहस्पति 23 फरवरी से 20 मार्च तक गुरु अस्त रहेंगे इसके बीच आठ दिनी होलाष्टक 10 मार्च से और मीन का मलमास लगने से 14 मार्च से 14 अप्रैल तक विवाह नहीं होंगे इसके चलते विवाह के दूसरे सीजन का विवाह का पहला मुहूर्त 17 अप्रैल को होगा। अप्रैल में छह, मई 13,जून में 10 और जुलाई में चार मुहूर्त होंगे। इसके बाद 10 जुलाई से चातुर्मास की शुरुआत होगी। इसके चलते मांगलिक कार्यों पर फिर चार माह के लिए विराम लग जाएगा। ज्योतिर्विदों के अनुसार बृहस्पति को संपन्नता, विवाह, वैभव, विवेक व धार्मिक कार्य का कारक ग्रह माना जाता है इस कारण गुरु ग्रह के अस्त होने पर मांगलिक कार्यों की मनाही है इस दौरान मुंडन, नामकरण जैसे संस्कार नहीं किए जाते हैं बृहस्पति अस्त होने के दौरान अबूझ मुहूर्त में से एक फुलेरा दूज 4 मार्च होगी। इस मौके पर मत-मतांतर के साथ विवाह होंगे। मान्यता है कि इस दिन शुभ कार्य के लिए पंचांग देखने की आवश्यकता नहीं होती है।

### गुरु धनु व मीन राशि के स्वामी

गुरु धनु व मीन राशि के स्वामी है। यह कर्क राशि में उच्च व शनिदेव की राशि मकर में नीच के माने जाते हैं विवाह में गुरु ग्रह का उदय होना आवश्यक माना जाता है। सोलह संस्कार में विवाह एक महत्वपूर्ण संस्कार है विवाह का दिन तय करने के लिए वर-वधु की जन्म पत्रिका के अनुसार सूर्य, चंद्र व गुरु की गोचर स्थिति का ध्यान रखने की आवश्यकता होती है इसे त्रिबल शुद्धि कहा जाता है गुरु को शुभ फलदायी ग्रह माना गया है। जन्म कुंडली में गुरु ग्रह की स्थित शुभ होने पर व्यक्ति को सभी क्षेत्रों में सफलता मिलती है। गुरु कमजोर होने पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### विवाह मुहूर्त

- अप्रैल = 17, 19, 21,22,23,28 सहित छह मुहूर्त।
- मई = 2,3, 9, 10, 11, 12,13,17, 18,20,25,26, 31 सहित 13 मुहूर्त।
- जून =6,8,11, 12,13,14,15,16,21,22 सहित दस मुहूर्त।



# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ की जायेगी कार्रवाई

## निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ द्वारा भवन, कॉलोनी सेल, और अतिक्रमण विभाग के कार्यो की समीक्षा की गयी

जबलपुर। निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के द्वारा भवन शाखा के अंतर्गत कम्पाउिंउग प्रकरणों के साथ-साथ नक्शा स्वीकृति संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की गयी। इसके साथ-साथ उन्होंने कॉलोनी सेल एवं अतिक्रमण विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की और अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमणों की जानकारी एकत्रित एवं चिन्हित कर अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने इस कार्रवाई को प्रमुखता से करने अधिकारियों को निर्देश दिये। इस संबंध में उन्होंने अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ अतिक्रमण दस्ता के सभी सदस्यों को भी निर्देशित किया कि ऐसे सभी अतिक्रमणों जो शासकीय भूमि पर बने हैं तथा उनका व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं, उसे चिन्हित कर सूची तैयार करें और सूची के अनुसार शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने शहर में लगे पब्लिक पोस्टर, को हटाने हेतु मुहिम चलाने के भी निर्देश दिये बैठक में भवन, कॉलोनी सेल, की भी जानकारी ली और भवन स्वीकृति/कम्पाउंडिंग के ऑन लाईन प्रोसेस के संबंध में विस्तारपूर्वक अधिकारियों से चर्चा की तथा सभी बी.ओ., बी.आई. को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा में ही प्रकरणों का निराकरण करें। भवन अधिकारी प्रतिदिन की रिपोर्ट प्राप्त करें एवं समय सीमा में निराकरण करायें। इसके साथ ही भवन स्वीकृति के मॉडयूल में से राजीनामा ऑप्सन को हटाने हेतु शासन से पत्राचार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कॉलोनी सेल में लंबित प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। बैठक में तीनों विभाग के विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

### साईकिल फॉर चेंज प्रतिस्पर्धा

## जबलपुर स्मार्ट सिटी के प्रशासनिक अधिकारी रविराव अव्वल



जबलपुर। भारत सरकार द्वारा संचालित साईकिल फॉर चेंज अभियान के अंतर्गत देश के 100 शहरों में साईकिल फॉर चेंज प्रतिस्पर्धा का आयोजन 1 जनवरी 2022 से 26 जनवरी 2022 तक किया गया। जिसमें जबलपुर स्मार्ट सिटी के प्रशासनिक अधिकारी रवि राव ने कीर्तिमान स्थापित करते हुए 3 हजार 7 सौ 1 किलोमीटर साईकिल चलाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्री राव के साथ 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमें रवि राव प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनके इस कीर्तिमान से जबलपुर स्मार्ट सिटी के साथ-साथ संस्कारधानी जबलपुर गौरवान्वित हुआ है। देश के 100 शहरों में जबलपुर शहर को चौथी रैंकिंग प्राप्त हुई है। प्रशासनिक अधिकारी श्री रवि राव के द्वारा अर्जित इस उपलब्धि के लिए कार्यपालिक निदेशक आशीष वशिष्ठ, सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत, सहायक आयुक्त संभव अयाची, मुख्य वित्तीय अधिकारी अनुज अग्रवाल के साथ-साथ स्मार्ट सिटी के सभी पदाधिकारियों ने श्री राव को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।

# विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव अब 2-3 मार्च को होगा

**जबलपुर,** । रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय युवा उत्सव का आयोजन आगामी दो और तीन मार्च को किया जाएगा। इस संबंध में अधिष्ठाता छात्र कल्याण की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है। इस युवा उत्सव में जबलपुर के अलावा डिंडौरी, नरसिंहपुर, कटनी और मंडला जिले की टीम हिस्सा लेगी। इससे पूर्व 15 से 17 जनवरी को युवा उत्सव का आयोजन तय किया गया था लेकिन कोरोना संक्रमण की वजह से इस तारीख को टाल दिया गया था। ज्ञात हो कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की तरफ से दीक्षा समारोह का आयोजन 12 जनवरी को किया गया था। उस दौरान राज्यपाल भी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसलिए कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों का कोरोना जांच करवाई थी। जिसमें कई लोग कोरोना संक्रमित मिले थे। कई अधिकारी भी इसकी चपेट में आए।



# सुबह और रात को सर्द हवा से कायम है ठंड का असर

**जबलपुर,** । मौसम अब शुष्क होने लगा है। तापमान भी अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। अब धीरे-धीरे धूप का असर तेज होगा और दिन में ठंड से राहत मिलेगी। हालांकि रात में हल्की ठंडक का अहसास बना रहेगा। फिलहाल रात में पड़ रही ठंडक का असर वातावरण में सुबह तक महसूस किया जा रहा है। शुक्रवार को भी सुबह से वातावरण में ठंडक घुली रही। धूप निकलने के बाद भी ठंड का असर कायम रहा। हालांकि दोपहर बाद सूरज के तेवर तीखे होने के बाद धूप का असर भी तेज होता चला गया। बहरहाल सुबह और रात को सर्द हवा से ठंड का असर बना हुआ है। दिन और रात के तापमान में भी हल्की गिरावट के बाद तापमान एक बार फिर बढ़ने लगा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.8 और न्यूनतम 13 डिग्री से आंशिक रुप से कम होकर 12.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं शुक्रवार को सुबह 8:30 बजे तक न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। फरवरी माह का आधा पखवाड़ा गुजर जाने के बाद भी ठंड बार-बार पलटवार कर रही है। बादल-बारिश के आसार बन रहे हैं। मौसम का बदला मिजाज लोगों को समझ नहीं आ रहा है। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर पड़ गया है। मौसम पूरी तरह शुष्क हो चला है। आने वाले दिनों में धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोत्तरी देखी जा सकेगी। ठंड का असर भी अब कम होगा। फिलहाल एक-दो दिन रात में हल्की ठंडक बनी रहेगी।

# बच्चों के नाम से पोस्ट ऑफिस में खोलें MIS खाता

## हर महीने मिलेंगे 2500 रुपए

***जबलपुर।** पोस्ट ऑफिस की स्कीम्स काफी फायदेमंद है। इसमें कम जोखिम के साथ मुनाफा मिलता है। डाक घर की स्थ्र्स एक ऐसी बचत योजना है। जिसमें एक बार पैसा निवेश कर हर महीने ब्याज का फायदा उठा सकते हैं। इस खाते के कई फायदे हैं। यह अकाउंट 10 साल से अधिक आयु के बच्चों के नाम पर भी खुलवाया जा सकता है। अगर आप अपने बच्चों के नाम से ये अकाउंट खुलवाते हैं। तो हर महीने जो इंटरेस्ट मिलेगा। उससे स्कूल या ट्यूशन फीस भर सकते हैं।

### कैसे खुलेगा खाता

पोस्ट ऑफिस के इस खाते को आप किसी भी डाकघर में जाकर खुलवा सकते हैं। इसके तहत एक हजार रुपए से लेकर 4.5 लाख रुपए जमा किया जा सकता है। फिलहाल स्कीम में




ब्याज दर 6.6त्न है। अगर आपके बच्चे की उम्र 10 साल से अधिक है, तो आप उसके नाम से स्थ्र्स अकाउंट खुलवा सकते हैं। इस स्कीम की मैच्योरिटी 5 वर्ष की होती है। उसके बाद बंद किया जा सकता है।

### कैसे होगा कैलकुलेशन

अगर आपके बच्चे की उम्र 10 साल है। आप उसके नाम पर दो लाख रुपए जमा करते हैं। तब हर महीने 6.6त्न ब्याज दर से 1100 रुपए मिलेंगे। पांच साल में ये इंट्रेस्ट 66 हजार रुपए बनेंगे। वह आखिरी में 2 लाख रुपए वापस भी मिल जाएंगे। माता-पिता के लिए ये रकम काफी मदद करेगी। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### हर महीने मिलेंगे कितने रुपए

स्थ्र्स अकाउंट को सिंगल या तीन लोग मिलकर ज्वाइंट खाता भी खुलवा सकते है। इस खाते में अगर आप 3.50 लाख रुपए जमा करते हैं। तब हर महीने 1925 रुपए मिलेंगे। वहीं स्कीम की अधिकतम लिमिट 4.5 लाख जमा करने पर हर माह 2475 रुपए का लाभ मिलेगा।

### पीपीएफ स्कीम भी फायदेमंद

वहीं पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ भी एक स्कीम है। जिसमें लॉन्ग टर्म के हिसाब से निवेश किया जा सकता है। इसके आपके पैसे सुरक्षित रहेंगे। वह टैक्स में भी छूट मिलेगी। अगर आप हर महीने 5 हजार रुपए पब्लिक प्रोविडेंट फंड में जमा करते हैं। तब 15 साल में मैच्योरिटी पर 16 लाख से अधिक रुपए होंगे।



# गरिमामय समारोह में मनाई गई संत रविदास जयंती

**जबलपुर।** संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती जबलपुर जिले में भव्य और गरिमामय स्वरूप में मनाई गई । संत रविदास की जयंती पर आज जिले में ग्राम पंचायतों से लेकर जिला स्तर तक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिले का मुख्य कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित किया गया जिसका शुभारम्भ संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर संत रविदास के जीवन एवं आदर्शों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये तथा स्कूली बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया । सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश वंदना एवं भजनों की प्रस्तुति से हुई । कार्यक्रम में जबलपुर शहर को स्वच्छ बनाने में बहुमूल्य योगदान देने वाले स्वच्छता कर्मियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं, चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता बच्चों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों का भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया । कार्यक्रम के दूसरे चरण में संत रविदास जयंती पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया । इस अवसर पर विधायक श्री अशोक रोहाणी ने सभी को शुभकामनायें देते हुये कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहली बार संत शिरोमणि रविदास जयंती एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। संत श्री रविदास सामाजिक सुधार के साथ अध्यात्मिक ऊचाईयों तक पहुँचने व समतामूलक समाज की रचना पर बल दिया। उनके संदेशों को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

इस दौरान स्वामी नरसिंह दास महराज, संत गोपीनाथ महंत जी, पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन, जी एस ठाकुर, भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल , अभिलाष पाण्डे, कमलेश अग्रवाल, रत्नेश सोनकर, डॉ. जितेन्द्र जामदार, शशिकांत सोनी राजेन्द्र चौधरी सहित कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी., अपर कलेक्टर श्री राजेश बाथम के साथ बड़ी तादात में अधिकारी व आम नागरिक उपस्थित थे।



# डॉ. जामदार जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष नियुक्त

जबलपुर,। राज्य शासन द्वारा जबलपुर के डॉ. जीतेन्द्र जामदार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया ह। डॉ. जामदार की जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष के लिये की गई है। डॉ जितेन्द्र को भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पमरे ने किया8 आरयूबी/सीमित ऊँचाई सब वे का निर्माण कार्य पूर्ण

***जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल में अधोसंरचना के निर्माण कार्य को गति प्रदान करते हुए तीव्र गति से किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेल ट्रेनों के सरंक्षित एवं सुगम परिचालन के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है। रेलवे में समपार फाटकों पर अधिकतर परिणामी रेल दुर्घटनाओं में रोड यूजर्स शामिल है। रेल संरक्षा और यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यस्ततम समपार फाटकों के पास आवश्यकतानुसार रोड ओवर ब्रिज/ रोड अंडर ब्रिज बनाकर समपार फाटकों को समाप्त किया जा रहा है। इसी श्रंखला में पमरे द्वारा अधोसंरचना के निर्माण कार्य में गति प्रदान करते हुए सड़क उपयोगकर्ताओं एवं नागरिकों की सुविधा के लिए माह जनवरी 2022 में कुल 08 आरयूबी/सीमित ऊँचाई सब वे (एलएचएस) का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। जिसके अंतर्गत भोपाल मण्डल के इटारसी-भोपाल रेलखण्ड पर समपार फाटक संख्या 41, 58, 203, 290, 229 और किमी 829/1 के बदले 06 आरयूबी/एलएचएस, कोटा मण्डल में समपार फाटक संख्या 97 के बदले 01 आरयूबी/एलएचएस एवं जबलपुर मण्डल में समपार फाटक संख्या 279 के बदले 01 आरयूबी/एलएचएस का निर्माण कार्य किया गया। इस प्रकार पमरे में वर्ष 2021-22 में अभी तक 17 आरयूबी/सीमित ऊँचाई सब वे (एलएचएस) का निर्माण कार्य किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरयूबी/सीमित ऊँचाई सब वे (एलएचएस) एक प्रकार रेलवे अंडर ब्रिज है जो कि समपार फाटकों को बंद करके उनके स्थान पर बनाया गया है। जिससे रेल और रोड ट्रैफिक की अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। इसके साथ ही रोड एवं रेल ट्रैफिक में होने वाले व्यवधान को खत्म किया गया। इससे रोड एवं रेल परिचालन आसान तथा सुगम हुआ है।



* इस आरयूबी/एलएचएस के निर्माण से संरक्षा में वृद्धि हुई है।
* आरयूबी/एलएचएस बन जाने से समपार फाटक बंद हो जाएंगे जिससे रेल संचालन में गति प्रदान होगी।

# पर्यावरण संरक्षण को वृक्षारोपण जरूरी

## वृक्षारोपण कर मनाया कहार महासंघ का स्थापना दिवस

***जबलपुर।** राष्ट्रीय एवं सामाजिक संगठन कहार महासंघ का स्थापना दिवस अनेकों स्थानों पर बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कन्या पूजन किया गया एवं कन्याओं के साथ वृक्षारोपण किया और कहा कहार संगठित हो, कहार संघर्ष करो, कहार शिक्षित हो। अध्यक्ष शशांक बर्मन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हमारा धर्म है। आज बारिश के लिए लोग लालायित हैं। अगर वृक्षारोपण के प्रति लोग जागरूक हो जाएं तो शुद्ध ऑक्सीजन के साथ-साथ जल की किल्लत से लोगों को छुटकारा हो सकता है। अवसर पर अध्यक्ष शशांक बर्मन, हर्षिता बर्मन, वंशिका बर्मन, प्राची बर्मन, एकता बर्मन आदि उपस्थित थे।



आवश्यकता है हेल्थ एवं लाइफ इंश्योरेंस
विश्व की बहुचर्चित कंपनी में कार्य करने हेतु युवक एवं युवतियों की। मार्केटिंग वालों को प्रथम प्राथमिकता
योग्यता- 10वीं से स्नातक
शीघ्र संपर्क करें
वेतन 5 अंकों में
मो. 9300068860, 7987249262

श्री लक्ष्मी मेडिकल
यहां सभी प्रकार की दवाईयां उपलब्ध, साथ ही पायें 15 से70 प्रतिशत तक की छूट
त्रिवेणी हेल्थ केयर के सामने राइट टाउन स्टेडियम के पास
मो. 9977213219,7691912082

प्रो. प्रेरणा रोहरा
कुल्हड़ वाला –गरमागरम
केसर दूध
सूखे मेवे से भरपूर
विजय नगर, एकता चौक, जेन्ट्री गेट के नीचे
शाम- 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक (अवश्य पधारें) मो. 7974758785

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
मकर संक्रांति के फ्रुट आयटम उपलब्ध
चना रेबड़ी गजक ड्रायफ्रूट
नमकीन तोस लईया लड्डू भेल
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304

# हिंदी के प्रश्नपत्र के साथ शुरू हुई दसवीं की बोर्ड परीक्षा

**जबलपुर, । माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। जबलपुर जिले के शहरी व ग्रामीण परीक्षा केंद्रों को मिलाकर 107 केंद्रों पर परीक्षा हो रही है। जहां 30471 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। दसवीं कक्षा का पहला प्रश्नपत्र हिंदी का रहा।**



कोरोना गाइडलाइन का पालन करने हेतु सभी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने वाले परीक्षार्थियों का थर्मल स्कैनर से परीक्षण करने के बाद ही प्रवेश दिया गया। लेकिन कुछ केंद्रों में जो परीक्षार्थी 9-30 से 9-45 के बीच पहुंचे उनका थर्मल स्कैनर परीक्षण करने में लापरवाही भी बरती गई। रोल नंबरों के अनुसार केंद्रों पर कक्षों को बांटा गया था। जिनकी जानकारी गेट पर मौजूद स्टाफ के साथ ही नोटिस बोर्ड पर भी लिखी गई थी। जो परीक्षार्थी अपना कक्ष क्रमांक नहीं खोज पा रहे थे उनकी मदद स्टाफ ने की और समय के साथ उन्हें परीक्षा कक्ष में पहुंचाया। परीक्षा 10 बजे शुरू हुई जो एक बजे समाप्त होगी।

परीक्षा केंद्रों पर नकल पर नजर रखने के लिए कैमरा लगाए गए हैं। जिससे प्रत्येक केंद्र पर नजर रखी गई। इसके साथ ही उड़नदस्ता दल ने भी अलग-अलग समय पर केंद्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया। केंद्रों पर कोरोना संक्रमित परीक्षार्थियों के लिए अलग कक्ष बनाया गया था लेकिन शुरुआत में किसी भी केंद्र से किसी कोरोना संक्रमित विद्यार्थी के पहुंचने की सूचना नहीं मिली। बारहवीं के पहले प्रश्नपत्र की अपेक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के पहले दिन कुछ अव्यवस्थाएं नजर आई।

# एसईसीआर महाप्रबंधक दल बल के साथ ग्वारीघाट पहुंचे



## अनेक कार्यों का किया निरीक्षण व उद्घाटन

**जबलपुर यश भारत।** आज सुबह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार दल बल के साथ जीएम स्पेशल से सुबह ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन पहुंचे जहां पर उन्होंने अनेक कार्यों का निरीक्षण एवं उद्घाटन किया इस अवसर पर ग्वारीघाट कॉलोनी निवासियों द्वारा ग्वारीघाट स्टेशन की व्यवस्था एवं इस रूट में ट्रेन बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक आलोक कुमार द्वारा ग्वारीघाट में आरपीएफ पोस्ट एवं बैरक का उद्घाटन भी किया गया साथ ही सीनियर सेक्शन इंजीनियर वाटर का निर्माण कार्य एवं निर्माणाधीन के साथ ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन में जो निर्माण कार्य हो चुका है बाल उद्यान का उद्घाटन किया गया दक्षिण पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक आलोक कुमार पत्रकारों से रूबरू हुए स्टेशन में यात्री की सुरक्षा एवं सुविधाओं को गंभीरता से लेते हुए इस स्टेशन पर जल्द ही जीआरपी चौकी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही/दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार अपनी टीम के साथ ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां उन्होंने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के साथ उन्होंने स्टेशन प्रबंधक कार्यालय, सर्कुलेटिंग क्षेत्र की व्यवस्थाओं सहित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं, ट्रैक पर राइडिंग क्वालिटी विशेष तौर से पॉइंट एवं क्रॉसिंग की स्थिति देखी। निरीक्षण के बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेल महाप्रबंधक बरगी एवं शिकारा होते हुए नैनपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के लिए अमले के साथ रवाना हुए।

# बियर की बॉटल से हमला कर फोड़ दिया सिर

## रंजिशन दिया वारदात को अंजाम



**जबलपुर, यशभारत।** थाना कुण्डम में तीन शराबियों ने पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर बियर की बॉटल से हमला कर सिर फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि प्रशांत कुमार झारिया 25 वर्ष निवासी ग्राम कुण्डम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आईटीआई करता है । रात लगभग 10.30 बजे वह काले बाबा मोहल्ले में बैठा था तभी राज यादव ने उसके मोबाइल पर फोन करके सोयासटी के पास बुलाया तो वह गया जहां पर राज यादव, आनंद साहू एवं रिन्कू साहू शराब पीये हुये मिले और पुरानी बातों को लेकर जातिगत रूप से अपमानित करते हुये गाली गलौज करने लगे तथा वहीं पड़ी बियर की बोतल से हमला कर सिर, होंठ एवं कान के पास चोट पहुँचा दी, वह चिल्लाया तो आसपास के लोगों ने आकर बीच बचाव किया तो तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गयें रिपोर्ट पर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर में वृद्धा का मिला शव

**जबलपुर,यशभारत।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत कछपुरा ब्रिज के पास न्यू ठाकुर डिपार्टमेंट की निर्माणाधीन बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर पर एक अज्ञात महिला का शव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। संजीवनी नगर जांच अधिकारी शारदा त्रिपाठी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि शव पड़ा है। पड़ताल के दौरान ज्ञात हुआ कि उक्त अज्ञात महिला यहां-वहां क्षेत्र में भिक्षा मांगकर खाती थी और वहीं तीसरे फ्लोर में रहती थी। जो विक्षिप्त भी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामले की पड़ताल कर रही है।

# तिलहरी लूट-हत्याकांड

# जंगलों में पसीना बहा रही पुलिस, निगरानीशुदाओं से हो रही पूछताछ



**जबलपुर,यशभारत।** तिलहरी स्थित महाराष्ट्र बैंक के एटीएम में हुई लूट और मर्डर की वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरों का भले ही सुराग नहीं मिला हो लेकिन पुलिस ने अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ जुटाईं है। जिसके चलते पुलिस आसपास के जंगलों में सर्च ऑपरेशन कर, पसीना बहा रही है तो वहीं मोबाइल लोकेशन को आधार मानकर पूछताछ कर रही है। एएसपी गोपाल खांडेल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस हर स्तर पर लुटेरों को दबोचने प्रयासरत है। जिसके चलते पुराने बदमाशों से सख्ती से पूछताछ जारी है, वहीं जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। साथ ही वारदात के दौरान आसपास के मोबाइल कॉलिंग की जानकारी के आधार पर भी पूछताछ की जा रही है। आरोपियों को जल्द दबोचने गठित टीमें लगातार दबिश दे रहीं है।

## मोबाइल लोकेशन को आधार मानकर कर रही पूछताछ

### इन्होंने कहा...

आरोपियों को पकड़ने पुलिस लगातार प्रयासरत है। जंगालों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा**

# मृतक सुरक्षा गार्ड के परिवार को 11 हजार की आर्थिक मदद

जबलपुर के गोराबाजार थाना क्षेत्र के महाराष्ट्र बैंक के एटीएम में पैसे डालने गई कैश वैन में लूट के दौरान हुई फायरिंग में जिस प्रकार से कैश वैन के सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई थी उसके बाद परिवार की मदद के लिए कुछ समाजसेवी आगे आए हैं मृतक सुरक्षा गार्ड राज बहादुर पटेल के घर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव विनोद श्रीवास्तव पहुंचे और पीड़ित परिवार को 11000 की राशि उनके द्वारा दी गई नहीं मृतक राज बहादुर पटेल के परिजनों से मुलाकात करते हुए उन्होंने अपनी शोक संवेदना है पूरे मामले को लेकर व्यक्त कि और प्रदेश सरकार से मांग की कि मृतक के परिजनों में से किसी एक को सरकारी नौकरी दी जाए जिससे कि परिवार का भरण पोषण किया जा सके 11 फरवरी को बैंक ऑफमहाराष्ट्र के एटीएम के सामने कैश बैन में लूट की घटना को लुटेरों द्वारा अंजाम दिया गया था फायरिंग करते हुए लुटेरों ने राज बहादुर पटेल नाम के सुरक्षा गार्ड को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था और 6 लाख से भरी रुपए की पेटी लेकर लुटेरे फरार हो गए थे जिसके बाद से परिवार का गुजारा मुश्किल हो चुका है जिसके लिए लगातार समाज सेवी आगे आ रहे हैं और पीड़ित परिवार की हर संभव मदद समाजसेवियों द्वारा की जा रही है।

# बेकाबू कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल के कटंगी बायपास में दरमियानी रात एक बेकाबू कार सवार ने घर जा रहे बाइक चालक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह रोड से उछलकर दस फिट दूर जा गिरे। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया तो वहीं, हादसे के बाद आरोपी कार सवार मौके से फरार हो गया। लहूलुहाल हालत में सड़क पर पड़े घायल युवक को राहगीरों और आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती किया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि टेकसिंह लोधी 28 वर्ष निवासी नरसिंहपुर पिता मूरत सिंह लोधी ने पुलिस को बताया कि वह काम से देसी कलारी के आगे औरिया के पास कटंगी रोड जा रहा था, जहां तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 20 5316 के चालक ने सीधी टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया, घटना में उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## युवक कांग्रेस ने सौंपा कैंट विधायक को ज्ञापन

जबलपुर। कैंट विधानसभा के अधिकतर वार्ड पीने के पानी की समस्या से कई वर्षों से ग्रस्त है. ग्रीष्म काल में यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। इस समस्या को देखते हुए युवक कांग्रेस अंकित मिश्रा के नेतृत्व में कैंट विधायक अशोक रोहाणी को रांझी स्थित उनके कार्यालय में ज्ञापन सौपा एवं विधानसभा की जनता को पानी की समस्या से निजात हेतु सकारात्मक पहल व इस समस्या के त्वरित निदान हेतु रांझी खमरिया के क्षेत्र वासियों के लिए 8 से 10 पानी के टैंकरों की व्यवस्था की मांग की विधायक द्वारा अति शीघ्र टैंकरों की व्यवस्था का आश्वासन दिया गया। तय समय पर मांग पूरी नहीं की गई तो युवक कांग्रेस उग्र आंदोलन कर अपना विरोध दर्ज करेगी। इस दौरान कांग्रेस परिवार से जगत मणि चतुर्वेदी, के के मिश्रा, जग्गू विश्वकर्मा ,अखिल तिवारी, प्रकाश जैन ,राजेश श्रीवास ,मनजीत सिंह, आशु वत्स, रवि राय, सुदेश कोरी ,राजेश चौबे, राहुल डोगरे पप्पी दुबे ,सुदेश कोरी, जग्गू कोरी, अनुज जैन, संजय जैन निर्मल चंद्र जैन , लालजी जयसवाल, हेम बहादुर ,मनीष गिराये शैलेंद्र गिराये, आशीष समसेरिया, जुम्मन सेन, अभिषेक चड्डा ,करन यादव , राजा आदि जन उपस्थित थे।

# कृषि उपज मंडी में व्यापारियों को बांटे गये डस्टबिन

**जबलपुर।** कृषि मंडी परिसर को साफ-सुथरा बनाये रखने कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा द्वारा की गई पहल के तहत आज गुरुवार को यहां आलू के थोक व्यापारियों को डस्टबिन का वितरण किया गया। डस्टबिन एसडीएम जबलपुर एवं मंडी प्रशासक पीके सेनगुप्ता द्वारा व्यापारियों को सौंपे गये। डस्टबिन के लिए इन व्यापारियों द्वारा ही सहयोग राशि एकत्र की गई थी। इस मौके पर बताया गया कि मंडी के शेष व्यापारियों को भी शीघ्र डस्टबिन प्रदान कर दिये जायेंगे। मंडी परिसर के व्यापारियों द्वारा दुकानों से निकलने वाला कचरा अब इन डस्टबिनों में ही डाला जायेगा। मंडी प्रशासक एवं एसडीएम पीके सेनगुप्ता के मुताबिक कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के निर्देशानुसार मंडी को साफ-सुथरा रखने के साथ-साथ इसे आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। इसके तहत जहां मंडी के कचरा घर की मरम्मत कर उसकी पेंटिंग कराई गई है। वहीं पानी टंकियों की सफाई और सुधार कर चालू किया जा रहा है। मंडी परिसर में जानवरों का प्रवेश रोकने के लिए यहां काऊ कैचर लगाने का प्रस्ताव भी स्वीकृति हेतु भेज दिया गया है।

# सनातन धर्म में भगवान का विग्रह स्वरूप है मूर्तियां : स्वामी पगलानंद



**जबलपुर।** शिव शक्ति मंदिर पुरानी जगदम्बा कॉलोनी में मंदिर जीर्णोद्धार एवं तीन दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य समापन हुआ द्य मंदिर में श्री गौरीशंकर परिवार ,श्री शिव लिंग, श्री दुर्गा जी ,श्री गणेश जी एवं मां शारदा की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक ब्राह्मणों के स्वस्तिवाचन एवं वेद मंत्रोच्चार के साथ पंडित सीताराम द्विवेदी एवं पंडित राम भजन तिवारी ने संपन्न की द्य इस अवसर पर सिद्ध घाट के स्वामी पगलानंद महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि सनातन धर्म में भगवान का विग्रह स्वरूप होती है मूर्तियां द्य इनकी स्थापना के बाद ही इनका पूजन प्रारंभ होता है द्य इस अवसर पर भृगुदत्त महाराज, डॉक्टर सत्येंद्र स्वरूप शास्त्री, स्वामी रामभारती ,विधायक विनय सक्सेना, पूर्व मंत्री शरद जैन , संतोष दुबे ,ममता समर्थ तिवारी, जितिन राज आदि ने पूजन अर्चन कर महा आरती की भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आभार प्रदर्शन सचिव संतोष कुमार दुबे ने किया।

# वैदिक गणित का व्यावहारिक दृष्टिकोण एवं अनुप्रयोग विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**जबलपुर यश भारत**( गोविंदराम सेकसरिया अर्थ-वाणिज्य (स्वशासी) महाविद्यालय, जबलपुर में गत दिवस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु वैदिक गणित का व्यावहारिक दृष्टिकोण एवं अनुप्रयोग विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। विषय विशेषज्ञ श्री नरेन्द्र कुमार जैन ने वैदिक गणित को व्यावहारिक दृष्टिकोण एवं उसके प्रयोग को अपने व्याख्यान में अनेक अंकगणितिय सवालों को सरल तरीके से हल करने की विधियों को समझाया जैसे विद्यार्थियों ने सीखा कि 5 अंकों की संख्या का गुणा, भाग, बड़ी से बड़ी संख्याओं का वर्गमूल निकालना इत्यादि। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार पाहवा ने इस अवसर पर वैदिक गणित के महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी विद्यार्थियों को दी तथा वैदिक गणित के प्रयोग को विद्यार्थियों को जीवन में उतारने कि सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथि परिचय कार्यक्रम संयोजक डॉ. आशीष मिश्रा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन सह संयोजक अनुराग उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. बी. कोष्टा, डॉ. आर. के. गौतम, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ शक्ति प्रताभन, डॉ. एस. के. व्यास, डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ. सुनील देशपांडे, डॉ. शरद रजक, प्रवीण कुमार सिंह, डॉ. सुनीता उपाध्याय, प्रतीक भाटिया, डॉ. अर्चना मुठ्ये, डॉ. आर. के. पटेल, श्री अभिलाष दुबे, अक्षय खांडेकर, श्रीमती नेहा पाडे, श्री सचिन मालवे एवं जयंत रानडे का सहयोग सराहनीय रहा।

# विद्युत् नियामक आयोग की राज्य सलाहकार समिती की बैठक में चेम्बर ने प्रस्तुत किए सुझाव

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत् नियामक आयोग के राज्य सलाहकार समिति के सदस्य रवि गुप्ता अध्यक्ष महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री द्वारा राज्य सलाहकार समिति की 17 फरवरी को हुई प्रथम बैठक में अपने सुझाव के साथ मांग रखी की विद्युत् कंपनियों द्वारा टैरिफ पुनः निर्धारण हेतु दायर याचिका में आपत्ती प्रस्तुत करने हेतु न्यूनतम 30 दिवस का समय दिया जाए साथ ही कंपनियों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों का जवाब प्राप्ती के उपरांत न्यूनतम 15 दिवस का समय याचिका पर सुनवाई हेतु दिये जाने की मांग की साथ ही पॉवर ट्रिपिंग की उत्पन्न समस्या के समाधान हेतु आयोग द्वारा विद्युत् कंपनियों को युक्तियुक्त आदेश प्रदान करने पर जोर दिया चेम्बर द्वारा सलाह दी गई कि कोरोना महामारी के परिपेक्ष्य में उद्योग व व्यापार पर आए गतिरोध को देखते हुए विद्युत् कंपनियों को विद्युत् की दरे बढाने की अनुमति प्रदान न की जावे क्योकि आवश्यक वस्तु की श्रेणी में मान्य विद्युत् का सीधा प्रभाव आम जन पर भी आता है व प?ैसी राज्यों में भी मध्य प्रदेश की तुलना में विद्युत् की दरे कम है प्रतिस्पर्धा के युग में प्रदेश के उद्योगों के पिछड़ने का अंदेशा होगा 7इस संबंध में ज्ञात हो कि विद्युत् कंपनियों द्वारा विद्युत् के टैरिफ के पुन- निर्धारण हेतु 332 पेज की याचिका विद्युत् नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर विद्युत् की दरो में वृद्धि करने की अनुमति मांगी गई है जिसके तहत पूर्व क्षेत्र विद्युत् नियामक कंपनी की याचिका की सुनवाई आगामी 8 मार्च को जबलपुर में रखी गई ह

## मृतक के परिजनों की तलाश



थाना मदनमहल के मर्ग क्र 32/21 धारा 174 जाफौ के अज्ञात मृतक लावारिस हालात में दिनांक 18.10.2021 के सुबह 11 बजे मानस भवन स्मार्ट सिटी परिसर गेट नं 1 राइट टाउन मदन महल में मिलने पर शव पंचायतनामा कार्यवाही कर मृतक का पीएम मेडीकल कॉलेज जबलपुर से कराया गया बाद मृतक के परिजन का पता न चलने से शव का कफन दफन चौहानी श्मशानघाट में कराया गया।

**मृतक का हुलिया-** चेहरा चपटा लंबा, सफेद काली दाढ़ी मूछ, रंग गेहुआ, कपड़े निर्वस्त्र हालात में मिलने पर।

**थाना प्रभारी, मदन महल जबलपुर**


## कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
### नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर

क्रमांक/स्था/अराज/2022/1301 **विज्ञप्ति सूचना** जबलपुर, दिनांक 10.02.2022

मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के ज्ञाप. क्रमांक एफ 2-06/2018/1-55 भोपाल दिनांक 07.04.2018 द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श सेवा नियम 2018 एवं संचालनालय चिकित्सा म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक 526/स्था/अराज/2021 एवं 528/स्था/अराज/2021 भोपाल दिनांक 24.05.2021 द्वारा प्राप्त सह-चिकित्सकीय संवर्ग एवं गैर-शैक्षणिक संवर्ग की अनसूचियों के आधार पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर के, निम्नलिखित पदों हेतु अनुसूची में निहित निर्देशानुसार पदोन्नति/सीधी भर्ती से भरे जाने वाले पदों पर मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत इच्छुक योग्यताधारी कर्मचारियों से दिनांक 10.03.2022 समय सायं 05.00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| स. क्र. | पदनाम | रिक्त पदों की संख्या | राज्य स्तरीय रोस्टर अनुसार रिक्त पदों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अनुसूचित जनजाति | अनुसूचित जाति | ओ.बी.सी. | ई.डब्ल्यू. एस. |
| 01 | कार्यालय अधीक्षक | 02 | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 |
| 02 | सहायक ग्रेड-1 | 04 | 01+01(F) | 01 | 00 | 01 | 00 |
| 03 | लैब टेक्नीशियन | 32 | 06+03 (F) | 04+02(F) | 03+02(F) | 06+03(F) | 20+01(F) |
| 04 | सहायक ग्रेड-3 | 06 | 02+01 (F) | 01 | 01 | 01 | 00 |

F = महिला उम्मीदवार हेतु आरक्षित पद

**नोट :-** उपरोक्त पदों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि की जा सकती है।

आवेदन का प्रारूप एवं नियम व शर्तें नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की आधिकारिक वेबसाइट www.nscbmc.ac.in पर दिनांक 17.02.2022 से उपलब्ध होंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.03.2022 समय सायं 05.00 बजे तक ऑफलाइन कार्यालय में अथवा पोस्ट द्वारा जमा किये जा सकेंग।

विज्ञापन से संबंधित आवश्यक सूचनाएं नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की आधिकारिक वेबसाइट www.nscbmc.ac.in पर प्रकाशित की जावेगी।

जी-22765/22

**अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर**


# भारतीय रेल के लिए गौरव पमरे सोलर प्लांट एवं विद्युतीकरण की पुरस्कार दौड़ में शामिल

**जबलपुर यश भारत।** पर्यावरण के अनुकूल वातावरण के लिए सौर ऊर्जा की पहल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी काफी बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्रीन सोलर एनर्जी की पहल को भारतीय रेलवे में पर्यावरण संरक्षण के लिए सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन सोलर एनर्जी की पहल पर पश्चिम मध्य रेल में भी अनेक कार्य किये जा रहे हैं। पश्चिम मध्य रेल के बीना सोलर प्लांट को और उससे संबंधित मिशन विघुतिकरण को प्रमुख वैश्विक पुरस्कारों की दौड़ में शामिल कर लिया गया है। यह पश्चिम मध्य रेलवे के लिए ही नही बल्कि सम्पूर्ण भारतीय रेल के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न देशों की रेलवे से जुड़ी पेरिस में स्थित यूआईसी यानी इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे एक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था है जो सस्टेनेबल रेलवे अवार्ड्स प्रदान करती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों का चयन यूआइसी के सस्टेनेबल डेवेलोपमेंट के प्रमुख ऑस्ट्रेलिया के भूतपूर्व फेडरेल चांसलर के अलावा विभिन्न क्षेत्रों की जानी मानी हस्तियां तथा रेलवे से जुड़े विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ पुरस्कारों के चयन की जूरी में शामिल होते हैं। पुरस्कार वितरण समारोह आगामी माह जून 2022 में बर्लिन में होना प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि यूआइसी इंटरनेशनल नाम की संस्था रेलवे सेक्टर में अंर्तराष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कार प्रदान करती है। इसके अंतर्गत इन्नोवेशन इन मोबिलिटी देट डेलीवर्स सोसल (पीपुल), इनवायरमेंटल (प्लेनेट) एवं इकॉनामी (प्रोस्पेरिटी) के प्रत्येक कैटेगरी में तीन अवॉर्ड्स प्रदान किया जाता है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे को प्लेनेट कैटेगरी की बेस्ट यूज ऑफ जीरो कार्बन टेक्नोलॉजी के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के बीना में सौर ऊर्जा (सोलर एनर्जी) से 25 एसी ट्रैक्शन सिस्टम को सीधे फीड करने वाले भारतीय रेलवे मिशन विद्युतीकरण को पुरस्कारों की दौड़ में शामिल किया गया है।

## यह है सोलर प्लांट की विशेषताएं

1) 1.7 मेगावॉट सोलर पॉवर प्लांट की क्षमता में 5800 सोलर मॉड्यूल है।

2) 1015 पाइल फाउंडेशन का उपयोग करके मॉड्यूल माउंटिंग स्ट्रक्चर के 145 सेटों पर माउन्ट लगाए गए है।

3) 400 वोल्ट एल्टरनेटिव करेंट (एसी) को स्टेपप कर 25 किवी एसी में दो ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर के द्वारा फीड किया जाता है।

4) अंडर ग्राउंड ट्रांसमिशन केबल के द्वारा 25 किवी एसी ट्रैक्शन सब सेक्शन और ओएचई में सप्लाई करती है।

पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा मुख्यालय के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष एवं मण्डल रेल प्रबंधक भोपाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों/कर्मचारियों की टीम वर्क की काफी सराहना मिली।


## न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर

राप्रक्र/2404/अ-6/2021-2022
जबलपुर, दिनांक 17/2/22

### आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रशांत पाठक पिता श्री स्व कुमार संभव निवासी धनवरंतरी नगर जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर ब्लॉक नं ... प्लाट नं ... स्थित भूमि खसरा नंबर 303 में से रकवा 500 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में मुन्नीलाल वल्द नारायणदास वगैरह के नाम दर्ज है जिसमें लिंक विक्रय पत्र भीमलाल पाठक वल्द भगवानदास से आवेदक द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्तिया संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 6.3.22 तक इस न्यायालयमें स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी कियागया।

**जारी दिनांक 17.2.22**
**पेशी दिनांक 6.3.22**

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

## न्यायालय तहसीलदार आधारताल, जबलपुर

राप्रक्र/2402/अ-6/2021-2022
जबलपुर, दिनांक 17/2/22

### आम इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती माया त्रिपाठी पति स्व श्री हरिकृष्ण त्रिपाठी निवासी 507 बालमुकुंद त्रिपाठी मार्ग निवाड़गंज के द्वारा मौजा जबलपुर ब्लॉक नंबर... प्लॉट नंबर... स्थित भूमि खसरा नंबर 26/2 में से रकवा 0.008 हे वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में श्री हरिकृष्ण त्रिपाठी वल्द मुकुंद के नाम दर्ज है। वारसान ने खातेदार श्री हरिकृष्ण से जिनकी मृत्यु हो जाने से वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्तिया संस्था को कोईदावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 6.3.22 तक इस न्यायालयमें स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी कियागया।

**जारी दिनांक 17.2.22**
**पेशी दिनांक 6.3.22**

**तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**

# फाल्गुन मास में होलाष्टक 10 मार्च से

**भोपाल।** हिंदू धर्म में होली के पर्व का विशेष महत्व है। साल की शुरुआत होते ही पहला बड़ा त्योहार होली ही होता है है। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि होली फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। लेकिन फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी से ही होलीष्टक लग जाता है। फाल्गुन अष्टमी से होलिका दहन तक आठ दिनों तक होलाष्टक के दौरान मांगलिक और शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है। इन आठ दिनों में भले ही शुभ कार्य नहीं किए जाते, लेकिन देवी-देवताओं की अराधना के लिए ये दिन बहुत ही श्रेष्ठ माने जाते हैं।



### क्यों लगते है होलाष्टक

होलाष्टक को लेकर एक कथा प्रचलित है कि राजा हिरण्यकश्यप बेटे प्रहलाद को भगवान विष्णु की भक्ति से दूर करना चाहते थे। और इसके लिए उन्होंने इन आठ दिन प्रहलाद को कठिन यातनाएं दीं। इसके बाद आठवें दिन बहन होलिका (जिसे आग में न जलने का वरदान था) के गोदी में प्रहलाद को बैठा कर जला दिया। लेकिन फिर भी प्रहलाद बच गए। अत: ऐसे में इन आठ दिनों को अशुभ माना जाता है और कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता। होलाष्टक के दौरान सोलह संस्कार सहित सभी शुभ कार्यों को रोक दिया जाता है। इन दिनों गृह प्रवेश या किसी अन्य भवन में प्रवेश करने की भी मनाही होती है। इतना ही नहीं, नई शादी हुई लड़कियों को ससुराल की पहली होली देखने की भी मनाही होती है।



### होलाष्टक और इसका धार्मिक महत्व

होलाष्टक होलिका दहन से आठ दिन पहले से लग जाता है। इस बार होलाष्टक 10 मार्च से 18 मार्च तक लगेगा। ऐसा माना जाता है कि इस दौरान किसी भी शुभ कार्य को करने की मनाही होती है। होलाष्टक के दिन से होली की तैयारी शुरू हो जाती है। ऐसे में होलाष्टक के दौरान लोग शुभ काम नहीं करते और करने से बचते हैं।

# नर्मदा एक्सप्रेस-वे 906 किलोमीटर लंबा होगा

**भोपाल।** अटल प्रगति पथ (चंबल एक्सप्रेस-वे) के काम को गति देने के साथ-साथ अब शिवराज सरकार नर्मदा एक्सप्रेस-वे पर काम करेगी। यह 906 किलोमीटर लंबा होगा। जो कबीर चबूतरा (अमरकंटक) से प्रारंभ होकर झाबुआ मध्य प्रदेश-गुजरात की सीमा तक बनाया जाएगा। एक्सप्रेस-वे में जो मार्ग लिए गए हैं, उनमें कुछ सड़क का कार्य स्वीकृत हो चुका है तो कुछ जगह निर्माण चल रहा है। जबलपुर बायपास और नसरुल्लागंज-संदलपुर मार्ग पर निर्णय होना बाकी है। एक्सप्रेस-वे से 12 क्षेत्र (रीवा, भोपाल, हरदा, होशंगाबाद, खंडवा, हरसूद, खरगोन, बड़वानी, रतलाम, उज्जैन, देवास) की सड़कों को जोड़ा जाएगा ताकि वहां औद्योगिक और पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके। नर्मदा एक्सप्रेस-वे के प्रस्ताव को मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रस्तावित कैबिनेट की बैठक के समक्ष रखा जाएगा। नर्मदा एक्सप्रेस वे को केंद्र सरकार की भारत माला परियोजना में शामिल करने पर सैद्धांतिक सहमति भी हो चुकी है। फोरलेन का यह नर्मदा एक्सप्रेस वे मध्य प्रदेश को पूर्वी सीमा में छत्तीसगढ़ स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 45 ई (बिलासपुर-रायपुर) तक और पश्चिम में गुजरात में दिल्ली-मुंबई इंटर कारिडोर तक जोड़ेगा। सड़क विकास निगम ने एक्सप्रेस वे के लिए जो विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया है, उसके अनुसार यह कबीर चबूतरा अमरकंटक से प्रारंभ होकर झाबुआ (मध्य प्रदेश-गुजरात की सीमा) तक रहेगा। मार्गों के उन्नयन में दो हजार 696 करोड़ और भूमि अधिग्रहण में 242 करोड़ रुपये लगेंगे। औद्योगिक और पर्यटन की गतिविधियों वाले जिन 12 क्षेत्रों की सड़कें जुड़ेंगी, इसमें सागर टोला, जबलपुर, औबेदुल्लागंज, संदलपुर, बुदनी, इंदौर, हरदा, खलघाट, ठीकरी, लेबड की मुख्य सड़कें होंगी। इन पर 185 करोड़ 60 लाख रुपये व्यय होंगे। इनके आसपास औद्योगिक क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। इसके लिए औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग कार्ययोजना बनाएगा। वहीं, जहां सड़क चौड़ी की जानी है, उसके लिए प्रस्ताव बनाकर केंद्र सरकार को लोक निर्माण विभाग भेजेगा।








## 12 सड़कें भी जुड़ेंगी

### इन सड़कों पर यात्री वाहनों से नहीं वसूला जाएगा टोल टैक्स

बैठक में इसके अलावा 17 सड़कों पर टोल लगाने का प्रस्ताव भी लोक निर्माण विभाग द्वारा रखा जाएगा। इनमें निजी उपयोग के यात्री वाहनों (बस-कार और जीप) से टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा। इनमें पन्ना-अजयगढ़, मोहनपुरा-बेहट, आष्टा-कन्नोद, महुआ-चुवाही, शाजापुर-दुपाड़ा-कनाड़ पचलाना-पिलवास-नलखेड़ा, परसोना-महुआ-बरखा, कटनी-विजयराघवगढ़-बरही, हरदुआ-चाकघाट, तिलवारी-चरगांव-गोटेगांव, उज्जैन-मक्सी, मुरार-चितोरा, सनावद-खरगोन, रीवा-बंकुइया-सेमरिया, डबरा-भितरवार-हरसी, खाटकीया-बीनागंज, बदनावर-थांदला और नसरुल्लागंज-खातेगांव मार्ग शामिल हैं।

### इन सड़कों पर यात्री वाहनों से नहीं वसूला जाएगा टोल टैक्स

बैठक में इसके अलावा 17 सड़कों पर टोल लगाने का प्रस्ताव भी लोक निर्माण विभाग द्वारा रखा जाएगा। इनमें निजी उपयोग के यात्री वाहनों (बस-कार और जीप) से टोल टैक्स नहीं वसूला जाएगा। इनमें पन्ना-अजयगढ़, मोहनपुरा-बेहट, आष्टा- कन्नोद, महुआ-चुवाही, शाजापुर-दुपाड़ा-कनाड़ पचलाना-पिलवास-नलखेड़ा, परसोना-महुआ-बरखा, कटनी-विजयराघवगढ़-बरही, हरदुआ-चाकघाट, तिलवारी-चरगांव-गोटेगांव, उज्जैन-मक्सी, मुरार-चितोरा, सनावद-खरगोन, रीवा-बंकुइया-सेमरिया, डबरा-भितरवार-हरसी, खाटकीया-बीनागंज, बदनावर-थांदला और नसरुल्लागंज-खातेगांव मार्ग शामिल हैं।

# सेना के पूर्व जवान से लूट करने वाला आटो चालक तीन साथियों समेत गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी में कमला नगर पुलिस ने सेना के पूर्व जवान से लूटपाट करने वाले आटो ड्राइवर और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रायसेन रोड से लेकर भदभदा तक करीब 50 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पूर्व जवान द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। कमला नगर थाना प्रभारी विजय सिसोदिया के मुताबिक नरेन्द्र कुमार तिवारी (39) शांति एनक्लेव मोर्गा परवलिया सड़क में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह 14 फरवरी की रात पत्नी और साली के साथ रायसेन रोड स्थित होटल में खाना खाने गए थे। जहां पर पत्नी के साथ किसी बात को लेकर उनकी अनबन हो गई। इसके बाद उनकी पत्नी अपनी बहन के साथ से कार से घर चली गई थी। नरेंद्र कुछ देर होटल में रुकने के बाद बाहर निकले और सड़क पर आटो का इंतजार करने लगे। इसी दौरान उन्होंने एक आटो को रुकवाया। उसमें चालक समेत चार लोग बैठे थे, सभी रायसेन से लौट रहे थे। नरेंद्र ने आटो चालक से न्यू मार्केट छोड़ने के लिए बोला और उसमें सवार हो गए। आटो चालक व उसके साथी उन्हें दूसरे रास्ते से भदभदा चौराहा से आगे दूरसंचार मुख्यालय के पास ले गए और उनसे छीनाछपटी करने लगे। उन्होंने विरोध किया तो आरोपितों ने पैर में चाकू मारकर गले से सोने की चेन और सात हजार रुपये लूट लिए और भाग गए। इसके बाद उन्होंने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# हमीदिया स्पोर्ट्स, कोरपिट और नगर निगम ने जीते अपने-अपने मुकाबले

**भोपाल।** प्रथम कार्पोरेट वेटरन मास्टर्स क्रिकेट टूर्नामेंट में हमीदिया स्पोटर्स ने रियान वाटर पर तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में कोरपिट ने फरहान मास्टर्स को सात रनों से हराया। स्थानीय ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए मुकाबले में रियान वाटर ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 138 रन बनाए। इसमें अभिषेक ने 49 रन, शुभम ने 23 व रौनक ने 20 रन की पारी खेली। हमीदिया स्पोटर्स के मुकेश उपाध्याय ने तीन, नमन ने दो व उसामा एक विकेट झटके। जवाब में हमीदिया स्पोटर्स ने 17.2 ओवर सात विकेट खोकर 142 रन बनाकर मैच तीन विकेट से जीत लिया। लोकेश ने 70 रन, अमीदउद्दीन ने 19 व मुकेश उपाध्याय ने 17 रन का योगदान दिया। रियान वाटर के दीपक मालवीय ने चार, ऋषि, यासिर, पीयूष ने एक एक विकेट चटकाए। लोकेश मैन आफ द मैच चुने गए। दूसरे मुकाबले में कोरफिट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 148 रन बनाए। इसमें मोहनीश मिश्रा ने 43 रन, ब्रजेश तोमर ने 39 रन व जतिन सक्सेना ने 23 रन का योगदान दिया। फरहान मास्टर्स के शहाब, उमर, असलम, अज़हर ने एक एक विकेट लिए। जवाब में फरहान मास्टर्स की टीम निर्धारित ओवर में 141 रन ही बना सकी। अम्बिया खान ने 41 रन, असद ने 31 रन की पारी खेली। कोरपिट के अरशद, चेतन, मयंक, सतीश लारा ने एक एक विकेट लिए। मोहनीश मिश्रा मैन ऑफ द मैच बने।

# रेत परिवहन में लगे वाहनों पर लगेगा टैक्स!




**भोपाल।** आठ मार्च को विधानसभा में प्रस्तुत होने वाले वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट प्रस्ताव को मंजूरी के लिए आज कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। इसके ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। बजट का फोकस अधोसंरचना विकास के साथ कृषि, रोजगार और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने पर रहेगा। वहीं, प्रदेश में रेत परिवहन में लगे वाहनों से टैक्स वसूला जाएगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे अंतिम निर्णय के लिए शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में प्रस्तावित कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार बजट में आत्म निर्भर मध्य प्रदेश की कार्ययोजना की पूर्ति के लिए पर्याप्त प्रविधान रखे जाएंगे। सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट को तैयार किया गया है। अधोसंरचना विकास के लिए पूंजीगत व्यय मौजूदा वित्तीय वर्ष के मुकाबले बढ़ाना प्रस्तावित है। कृषि, छोटे उद्योग और रोजगार के अवसर को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त राशि संबंधित विभागों को आवंटित की जाएगी।

### रेत परिवहन के वाहनों पर टैक्स लगाने की तैयारी, खनिज विभाग असहमत

प्रदेश सरकार रेत परिवहन में लगे वाहनों पर सड़कों के रखरखाव के नाम पर टैक्स लगाने की तैयारी में है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें रेत खनन के प्रत्येक परिवहन पास में व्यावसायिक ट्रैक्टर से पांच सौ, डंपर या ट्रक से एक हजार और मल्टी एक्सल वाहन से दो हजार रुपये सड़क संधारण शुल्क लिया जाएगा। इससे सालभर में 170 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है।



# आयुर्वेद स्नातक पाठ्यक्रम में अब तीन परीक्षाएं होंगी

**भोपाल।** नेशनल कमीशन फार इंडियन सिस्टम आफ मेडिसिन (भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग) ने आयुर्वेद स्नातक कोर्स (बीएएमएस) की परीक्षा व्यवस्था में बदलाव किया है। अभी तक स्नातक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए चार परीक्षाएं होती थीं। इनमें पहला, दूसरा और तीसरा एक-एक साल और चौथा डेढ़ साल में होता था। जानकारी के अनुसार बीएएमएस का पूरा कोर्स पहले की तरह अभी भी साढ़े चार साल का रहेगा, लेकिन अब तीन परीक्षाएं होंगी, जो डेढ़-डेढ़ साल अंतराल पर ली जाएंगी। 2022-23 के सत्र से यह नियम लागू हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग ने 16 फरवरी को अधिसूचना जारी कर दी है। इसके मुताबिक इंटर्नशिप पहले की तरह डेढ़ साल की ही होगी। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. राकेश पांडेय से इस विषय में मिली जानकारी के मुताबिक एक परीक्षा कम होने से विद्यार्थियों को फायदा होगा। विश्वविद्यालय भी समय पर परीक्षाएं आयोजित करा सकेंगे। अभी परीक्षाएं समय पर नहीं होने की वजह से डिग्री पूरी करने में देरी होती है। जानकारों का कहना है कि शिक्षकों की कमी की वजह से मूल्यांकन में देरी की समस्या भी कुछ हद तक हल हो जाएगी। साथ ही परीक्षा का खर्च भी कम होगा। आयोग ने एक अच्छा बदलाव यह भी किया है कि शिक्षकों का वेतन बढ़ा दिया है। जानकारी के अनुसार अब एसोसिएट प्रोफेसर का 78,800 से 2,09,200 रुपये तथा प्रोफेसर का 1,23,100 से 2,15,900 रुपये तक प्रतिमाह वेतन निर्धारित कर दिया है। अभी तक इन्हें क्रमश- 67,300 से 2,06,900 और 79,900 से 2,11,700 तक मिल रहा था। असिस्टेंट प्रोफेसर को पहले की तरह 56,100 से 1,77,500 तक वेतनमान दिया जाएगा।

# मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव जुलाई-अगस्त में होगा



**भोपाल।** कांग्रेस के संगठन चुनाव का सिलसिला 31 मार्च को सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद प्रारंभ होगा। एक से 15 अप्रैल तक चुनाव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सूची प्रकाशित की जाएगी। 16 अप्रैल से 31 मई के बीच मतदान केंद्र और ब्लाक समितियों का चुनाव होगा।

### 21 जुलाई से 20 अगस्त के बीच कराया जाएगा चुनाव

दूसरे चरण में 21 जुलाई से 20 अगस्त के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी और आखिर भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य का चुनाव होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 21 अगस्त से 20 सितंबर के बीच होगा। यह जानकारी मध्य प्रदेश संगठन के चुनाव के लिए रिटर्निंग अफसर बनाए गए रामचंदर खूंटिया ने दी।

### सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद मतदानवार सदस्यता सूची बनेगी

गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में खूंटिया ने बताया कि सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद मतदानवार सदस्यता सूची तैयारी की जाएगी। चुनाव के लिए प्रदेश को तीन हिस्सों में बांटा गया है।

### सहायक निर्वाचन अधिकारी को दिया प्रभार

सहायक निर्वाचन अधिकारी क्रांति शुक्ला को ग्वालियर, चंबल और बुंदेलखंड क्षेत्र के 25 जिलों का प्रभार दिया गया है। वहीं, तरुण त्यागी के पास भोपाल, विदिशा, छिंदवाड़ा, जबलपुर सहित 22 जिलों का प्रभार रहेगा। चक्रवर्ती शर्मा को उज्जैन, मंदसौर, इंदौर, धार, झाबुआ सहित 21 जिलों के संगठन चुनाव की जिम्मेदारी दी गई है। सदस्यता अभियान के प्रभारी प्रकाश जैन ने बताया कि कांग्रेस के संगठन जिले 64 और ब्लाक 484 हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

## 38 को फांसी

इस मामले के एक अन्य आरोपी यासिन भटकल पर पुलिस नए सिरे से केस चलाने की तैयारी में है। छ्ल्ल्क्कआशीष भाटिया के नेतृत्व में बनाई गई थी स्पेशल टीम गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर क्राइम के नेतृत्व में अहमदाबाद क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम का गठन किया गया था। आशीष भाटिया ने इस टीम को लीड किया। वहीं, इस टीम में अभय चुडास्मा (क्राइम) और हिमांशु शुक्ला (हिम्मतनगर) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मामलों की जांच तत्कालीन डीएसपी राजेंद्र असारी, मयूर चावड़ा, उषा राडा और वीआर टोलिया को सौंपी गई थी। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच की इस विशेष टीम ने 19 दिनों में मामले का पर्दाफाश किया था और 15 अगस्त 2008 को गिरफ्तारी का पहला सेट बनाया था।अदालत की ओर से सभी 35 एफआईआर को एक साथ जोड़ देने के बाद दिसंबर 2009 में 78 आरोपियों के खिलाफ मुकदमे की शुरुआत हुई थी। इनमें से एक आरोपी बाद में सरकारी गवाह बन गया था। मामले में बाद में चार और आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उनका मुकदमा अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन ने 1100 गवाहों का परीक्षण किया। सरकारी वकीलों में एचएम ध्रुव, सुधीर ब्रह्मभट्ट, अमित पटेल और मितेश अमीन, जबकि बचाव पक्ष से एमएम शेख और खालिद शेख आदि शामिल रहे।स्पेशल टीम ने महज 19 दिनों में 30 आतंकियों को पकड़कर जेल भेज दिया था। इसके बाद बाकी आतंकी देश के अलग-अलग शहरों से पकड़े जाते रहे। अहमदाबाद में हुए धमाकों से पहले इंडियन मुजाहिदीन की इसी टीम ने जयपुर और वाराणसी में भी धमाकों को अंजाम दिया था। देश के कई राज्यों की पुलिस इन्हें पकड़ने में लगी हुई थी, लेकिन ये एक के बाद एक ब्लास्ट करते चले गए। अहमदाबाद धमाकों के दूसरे दिन यानी 27 जुलाई को सूरत में भी सीरियल ब्लास्ट की कोशिश की गई थी, लेकिन टाइमर में गड़बड़ी की वजह से ये फट नहीं पाए थे। इस मामले में सूरत में 15 और अहमदाबाद में 20 शिकायतें दर्ज की गई थीं। देश के अलग-अलग शहरों से कुल 78 लोगों को अरेस्ट किया गया था। जबकि ब्लास्ट में शामिल आठ अन्य आरोपियों की तलाश अभ भी जारी है।




# बुलावे पर जल्द पहुंचेंगी एंबुलेंस व जननी एक्सप्रेस

भोपाल। प्रदेश में जल्द ही 108 एंबुलेंस और जननी एक्सप्रेस सेवा का विस्तार होना है। इसके बाद मरीज और प्रसूताओं के लिए इन वाहनों का इंतजार करने का समय कम हो जाएगा। अभी यह सेवा 1426 वाहनों के जरिये मिल रही है। इसकी वजह से कई बार इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि वाहन कम पड़ जाते हैं। सबकुछ ठीक रहा तो एक मार्च से इन वाहनों की संख्या बढ़ाकर 2052 कर दी जाएगी। जब वाहन बढ़ा दिए जाएंगे तो ये कम से कम समय में मरीजों को लेने और छोड़ने के लिए पहुंचेंगे। अभी वाहनों की उपलब्धता नहीं होने के कारण कुछ मामलों में समय लग जाता है। यह समय ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अलग-अलग होता है। इसकी वजह से कई बार मरीज तड़पते हैं और कुछ मामलों में तो मौतें भी हो चुकी हैं। अभी मरीजों को सरकारी अस्पतालों में पहुंचाने, सरकारी अस्पतालों से दूसरे सरकारी अस्पतालों में रेफर करने, प्रसूताओं को घर छोड़ने के लिए ये सुविधाएं दी जा रही हैं। ये सेवाएं निशुल्क हैं और आगे भी जारी रहेंगी। आगे यही 108 एंबुलेंस व जननी एक्सप्रेस वाहन निजी अस्पतालों तक भी पहुंचाएंगे, लेकिन इसके लिए किराया चुकाना पड़ेगा। इन सेवाओं के लिए काल सेंटर पर काल करना होगा। आने वाले समय में मोबाइल एप से भी इन सेवाओं का लाभ लिया जा सकेगा। अभी एक मार्च से इस सेवा के विस्तार का लक्ष्य है, जिसमें समय भी लग सकता है। एडवांस लाइफ सपोर्ट वाली एंबुलेंस की संख्या बढ़ाकर 167 कर दी जाएगी। अभी हर जिले में एक है। इन सेवाओं के लिए काल करने वालों को लोकेशन बताने की जरूरत नहीं होगी। एड्राइड फोन से काल करने पर कालर की लोकेशन के आधार पर एंबुलेंस पहुंच जाएगी। नए जननी एक्सप्रेस वाहनों में स्टेपनी रखने की जगह बदलेगी। इन वाहनों में चढ़ने के लिए बनाई गई सीढ़ियां फोल्डेबल होंगी। ये सुझाव नए वाहनों की जांच के लिए बनाई कमेटी ने प्रसूताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दिए हैं। पूर्व से चल रहे अच्छे कंडीशन के वाहनों में कोई बदलाव नहीं किए जाएंगे। इस सेवा के लिए खरीदे गए 600 नए वाहनों की जांच के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र इकाई के संचालक डा. पंकज शुक्ला की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है।

### एक मार्च से 108 एंबुलेंस की बढ़ेगी तादाद

### नए जननी एक्सप्रेस वाहनों में स्टेपनी रखने की जगह बदलेगी, सीढ़ियां फोल्डेबल होंगी

# कोविड गाइडलाइन उल्लंघन पर निरस्त कॉर्पोरेट मेले की अनुमति हो गई बहाल

*।जिले मे लगातार प्रशासनिक कसावट के चलते कोविड पाजीटिव संक्रमित मरीज की संख्या मे भारी गिरावट आई है पूर्व आंकड़ो के मुताबिक प्रदेश के तीसरी लहर मे मध्यप्रदेश का शहडोल जिला मध्यप्रदेश मे टॉप थ्री मे नजर आने लगा था मामला अखबार की जहा खूब सुर्खिया बटोर रहा था वही सरकार ओमिक्रॉन वायरस से फेल हो रही है प्रदेश की जनता की नजरो मे भी खासी किरकिरी हो रही थी*



शहडोल। बहरहाल सूत्रो के हवाले से खबर है कि तब से ही टेस्टिंग बंद है जिससे ओमिक्रॉन वायरस कंट्रोल हो गया है बामुश्किल किसी की कोविड टेस्टिंग हुई भी तो निगेटिव रिपोर्ट आ रही है इसका खुलासा तब हुआ जब पांडवनगर निवासी का शहडोल मे कोविड चेकअप हुआ जिसकी रिपोर्ट निगेटिव मिली। इधर तबीयत जरा सुधरी तो बुजुर्ग पांडवनगर निवासी घूमने शहडोल से रायपुर पहुचे जहा अचानक तबीयत खराब हो गई। जिनकी अस्पताल मे इलाज के दौरान कोविड पाजीटिव होने की पुष्टि हुई और आखिरकार बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। पॉजीटिव हुए बुजुर्ग को नकली रिपोर्ट थाने के चक्कर मे बुजुर्ग का समुचित इलाज न हो सका। हुई लापरवाही का परिणाम आज यह है कि रोता बिलखते परिवार के मुखिया का सर से साया छिन्न-भिन्न गया। और जिला प्रशासन नजरअंदाज कर रहा है कहते है संक्रमण कंट्रोल मे है और मेले आयोजित किए जाने से कोविड संक्रमण बराबर कंट्रोल मे रहेगा।

### आप भी संक्रमण की रडार मे...

गौरतलब होकि अधिकांश प्रशासनिक अधिकारी कोविड संक्रमण से हाल ही मे संक्रमित हो गए जिसमे संभागायुक्त राजीव शर्मा भी शामिल है अब क्या मेला संक्रमण रोकथाम के लिए लगाए जा रहे है इसको दिल बहलाने गालिब ख्याल अच्छा है इलाके की जनता समझे। यशभारत हमेशा जनसरोकार का कर्तव्य निर्वहन करना जानता है और जिम्मदारीहु समझते हुए जिले की जनता से अपील करता है मास्क लगाए, सेनेटाइजर का उपयोग करते रहे। मेला दुकान पर नकदी लेन-देन से बचे, खासतौर पर किसी भी खांसने, छिकाने वाले व्यक्ति से दूरी बनाए रखे। इस तरह के बीमारी व्यक्ति मेला परिसर मे दिखाई पड़ रहे होतो डॉयल हंड्रेड (100) पर फोन लगाए ताकि शहर को संक्रमण बढ़ने से रोका जा सके।

## इधर चपेट मे पब्लिक और अफसर की अनदेखी

### लापरवाही की पराकाष्ठा...

शहर अवैध होर्डिंग्स, और अवैध अतिक्रमण से भरा पाटा है चौक चौराहे पर सेंधमारी हो रही है संक्रमण से पिता का साया पत्नी का सुहाग चला जा रहा है और नगरीय प्रशासन और जिला प्रशासन आलइजवेल की तर्ज पर लापरवाही बतौर आ बैल मुझे मार झेलने को जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने मे आमादा है। जनचर्चाओ के मुताबिक इस मेले के पीछे एक होर्डिंग्स कारोबारी के छर्रो की भूमिका संदिग्ध है जो प्रशासनिक अधिकारियो की साख पर बट्टा लगाने का काम कर रहा है। हालाँकि आला अधिकारियो को जन सुरक्षार्थ मामले को गंभीरतापूर्वक लेने के आवश्यकता है कही संक्रमण बढ़कर परेशानी न बढाए चूंकि मेला संचालक की अनुमति सर्वप्रथम सशर्त नियम का उल्लंघन किया था और सोहागपुर अनुभाग के जिम्मेदार अनुभागीय अधिकारी (एसडीएम) ने कॉर्पोरेट मेला की अनुमति निरस्त कर दी थी। लेकिन जाने किस दबाव मे आकर लिखित आदेश मे संशोधन कर दिए गए बडा सवाल और अहम सवाल है। जनचर्चाए यह भी है कि कॉर्पोरेट मेला संचालक ने जिले के जिम्मेदार अफसर को 6 अंको वाला चांदी का जूता मारते हुए निरस्त आदेश को अनुमति मे परिवर्तित करा लिया। शायद वर्तमान समय की मांग और जरूरत इंसानी जान को जोखिम मे डाल अपना उल्लू सीधा करते हुए ऑल इज वेल कहते रहना है।



# सरस्वती स्कूल में अमृत महोत्सव

गोटेगांव–नगर में स्थित बेहतर शिक्षा के लिये कृत संकल्पित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में अमृत महोत्सव महोत्सव में ए जीवन तीर्थ है अपने देश के यदि इनमें से हमने प्रेरणा नहीं ली तो वीरता बाज हो जाएगी आओ नमन करें बलवान तीर्थों को उन शहीदों को श्रद्धा के साथ सुने और मनन करें इसी भाव से आज के कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पुष्पा कहार हाल में शहीदों के चित्रों पर दीप प्रज्वलन पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को आगे की गति प्रदान की कक्षा एकादश कीबहन दिव्या सिंह ने शिवाजी महाराज के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला उनके शिवाजी महाराज एक बहादुर बुद्धिमान सॉरी वीर दयालु शासक थे महाराष्ट्र के शिवनेरी में उनका जन्म हुआ पिता शाहजी माता जीजाबाई माता धार्मिक स्वभाव वीरांगना नारी थी इसी कारण उन्होंने बालक शिवा का पालन पोषण रामायण महाभारत अन्य भारतीय वीर आत्मा उज्जवल कहानियां सना शिक्षा देकर किया था बीजापुर के शासक ने आदेश दिया महाराज शिवाजी को जिंदा या मुर्दा पकड़ लाने का आदेश अपने सेनापति को दिया अफजल खान उसने भाईचारे का नाटक कर शिवाजी को मारना चाहा परंतु समझदार शिवाजी ने बंधुओं का शिकार होकर स्वयं मारा गया आगे कक्षा नौवीं की बहन सुहानी स्वामी विवेकानंद का जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए रामकृष्ण मिशन की स्थापना अमेरिका में दिए गए उद्बोधन जिसमें बहनों और भाइयों अमेरिकी यो का दिल जीत लिया था एक देशभक्त सन्यासी के रूप में भी उन्हें हम राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाते हैं कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पुष्पा कहानी खुदीराम बसु जिनका जन्म 3 दिसंबर 18 सो 89 को पश्चिमी बंगाल के मिदनापुर जिले के बाहुबली गांव में हुआ था उनके पालक तेरे लोक के नाथ माता का नाम लक्ष्मी प्रिया वे कुल नवमी कक्षा तक ही पड़े स्कूली दिनों में किशोरावस्था में प्रवेश किया ही था कि देश की राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने लगे अंग्रेजों के अन्याय अनैतिक और अत्याचारों के विरोध में स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े वंदे मातरम के पर्चे बांटकर लोगों में क्रांति जगाए मुक्ति आंदोलन के लिए पार्टी में सक्रिय सदस्य बन गए अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया अंग्रेजों के अत्याचारों से त्रस्त जनता के दिलों में वे अब तक बस चुकी थी इसलिए अंग्रेजों की कड़ी नजर उनकी गतिविधियों में रहती है बालक उन्हें एक बवंडर सा दिखाई देता चतुर उच्च उमंग भरा उन्नीस सौ सात में बंगाल के रेलवे स्टेशन पर किए गए बम विस्फोट में खुद ही राम का नाम आया वे पकड़े नहीं जा सके पुलिस को पहली सकता खुदीराम पर उन्होंने जगह-जगह छापे घेराबंदी की सब तरफ से गिर जाने पर प्रफुल्ल चंद ने अपनी ही बंदूक की गोली से जीवन का अंत कर लिया उनके शब्द थे वंदे मातरम खुदीराम को पकड़ लिया गया मुकदमा चला और सजा सुनाई गई फांसी की 11 अगस्त 1960 को उस सबसे कम उम्र में क्रांतिकारी को फांसी दे दी गई कक्षा पंचम की बहन वंशिका पटेल खुशी परिवार ने गीत प्रस्तुत किया कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य संतोष बैंन प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ओम प्रकाश यादव प्रदीप नामदेव संजय जैन किशोर शुक्ला राजेश मेहरा माया कल्पना चौरसिया आरती राजपूत संचालन संजय दुबे ने किया।

### बसपा का जिला स्तरीय भाईचारा सम्मेलन

## 20.फरवरी को पनागर में होगा आयोजित

पनागर/बहुजन समाज पार्टी जबलपुर जिले की सभी विधानसभाओं के पदाधिकारीयों, कार्यकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि सत गुरू रविदास साहब की जयंती पखवाड़ा के अवसर पर दिनांक 20 फरवरी 2022 रविवार सुबह 11 बजे से पनागर बस स्टेंड पर हर वर्ष की तरह, भाईचारा सम्मेलन आयोजित है, सभी सम्मानित साथियों से निवेदन है की समय पर भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें, की अपील एडवोकेट लखन अहिरवार दिनेश कुशवाहा राकेश समुद्रे जवाहर अहिरवार एडवोकेट राकेश चौधरी नरेंद्र चौधरी राकेश चौधरी डब्बा चौधरी मदन कोल डालचंद साहू आशा गोटिया आदि ने की।

## जिला आंदोलन में साथ आया अधिवक्ता संघ

सिहोरा– सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन में सिहोरा अधिवक्ता संघ भी कूद पडा है। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों के साथ हुई बैठक के बाद अधिवक्ता संघ के सचिव ने जिला आंदोलन में साथ आने की घोषणा की। तत्सम्बन्ध में लक्ष्य जिला आंदोलन समिति के विकास दुबे,अनिल जैन, मानस तिवारी सियोल जैन,सुशील जैन और अधिवक्ता संघ के सचिव संजय सिंह सेंगर ने संयुक्त रूप से बताया कि सिहोरा जिला के लिए अब मजबूती से आंदोलन किया जाएगा।

## स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान

**पनागर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद् पनागर द्वारा दिनांक 16 फरवरी से प्रशासक श्री पी के सेन गुप्ता एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार एवं नगर के व्यपारियो एवं सामाजिक कार्य में अभिरुचि रखने वाले समाज सेवियो द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है जिसके तहत दिनांक 18 फरबरी को शिवाजी वार्ड में घर घर जाकर समझाईस देकर लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर श्री आनंद जैन,के के कुश्वाहा, राशिया कुशवाहा ,मनोज विश्वकर्मा, रोशन तिवारी,संकर कुश्वाहा, अनुराग मिश्रा,रत्नेश यादव,मनु गौतम उपस्थित रहे

## 5 उपयंत्रियों के भरोसे जनपद की 60 पंचायत

### नौकरी जनपद में बैठते है आरईएस में

सिहोरा- केन्द्र और राज्य की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के क्रियान्वयन में उपयंत्रीयो की हीला हवाली के कारण हितग्राहीयो को योजना का लाभ शत प्रतिशत प्राप्त नहीं हो पा रहा है हितग्राहियों की बढ़ती परेशानी के बावजूद जिम्मेदार अधिकारीयो का मौन धारण करना शोध का विषय बन गया है। ज्ञात हो सिहोरा जनपद पंचायत अंतर्गत 60 ग्राम पंचायतों 5 सेक्टर में विभाजित किया गया है एवं प्रत्येक सेक्टर में लगभग 12 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत निर्माण कार्यों के मूल्यांकन निरीक्षण आवास योजना स्वच्छता परिसर बगीचा सड़क निर्माण सहित अनेक विभागीय कार्यों के लिए संविदा के तहत 5 उपयंत्रीयों को पदस्थ किया गया है । बरसों से एक ही जगह जमे उपयंत्रीयों सरपंच सचिवों की मिलीभगत के चलते मूल्यांकन जैसा फील्ड वर्क टेबल वर्क में परिवर्तित हो गया है विभागीय कार्यों में अरुचि के चलते आम जनता मे इनकी कार्यप्रणाली से भारी असंतुष्ट है।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत के अंतर्गत होने वाले विकास कार्यों में प्रमुख रूप से मनरेगा के तहत तालाब की खुदाई, मेड बंधान,प्रधानमंत्री आवास का मूल्यांकन और गुणवत्तापूर्ण निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट सहायक यंत्री को प्रेषित कर हितग्राही एवं मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान कराना अनिवार्य सेवा के तहत किया जाना है लेकिन काफी समय से देखा जा रहा है संविदा के तहत पदस्थ उपयंत्री गण ग्राम पंचायतों के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। जिनको लेकर उपयंत्री बिल्कुल भी गंभीर नहीं हैं।

ग्राम विकास को लेकर किए जा रहे हैं केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं का क्रियान्वयन के अलावा उपयंत्री गण निरीक्षण के नाम पर गुणवत्ता को प्राथमिकता न देकर ग्राम में खेतों की मे? पर बैठकर मूल्यांकन सहित दूसरे कार्य में लगे रहते हैं।

### ड्यूटी आरईएस कार्यालय में पेमेंट जनपद से

अनेक हितग्राहियों ने आरोप लगाया है कि उपयंत्री गण पगार तो जनपद से प्राप्त करते हैं लेकिन जनपद में उपस्थिति नहीं देते फील्ड वर्क का हवाला देते हुए उपयंत्री आर ई एस कार्यालय में बैठे नजर आते हैं इस संदर्भ में जब संबंधीतो से जानकारी चाही गई तो संबंधितओं का कहना था कि जनपद कार्यालय में स्थान का अभाव होने के कारण आर ई एस कार्यालय में बैठकर टेबल वर्क संचालित किया जाता है।

### कोरोना प्रोटोकॉल के तहत शुरु हुई परीक्षाएं

# परीक्षा ने रोकी दुल्हन की बिदाई

सिहोरा- माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आज से 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत हो गई। सिहोरा विकासखंड में आज 10 परीक्षा केंद्रों में पहले दिन अंग्रेजी का पेपर प्रारंभ हुआ कोविड प्रोटोकॉल के तहत ही विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया,। प्रदेश में कोरोना काल के करीब 2 वर्षों बाद 12वीं की बोर्ड परीक्षा देने का विद्यार्थियों को मौका मिला है जहां 12वीं के परीक्षा देने के लिए बच्चों में बेहद तनाव भी दिखा उत्साहित छात्र माता पिता से आशीर्वाद प्राप्त कर परीक्षा समय से लगभग 2 घंटे पहले ही केंद्र पहुंच गए परीक्षा केंद्रों में 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की विद्यार्थियों की थर्मल स्कैनिंग मास्क सैनिटाइजर के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया जहां बच्चों ने कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूरा पालन किया ।

विकास खंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय से प्राप्त जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा का संचालन विकासखंड में कोरोना प्रोटोकाल के तहत आज से प्रारंभ हो गया है हायर सेकेंडरी 12 वीं कक्षा की 1947 परीक्षार्थियों ने आज अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी उपाध्याय ने आगे बताया कि नगर में स्थित पंडित विष्णु दत्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में तीन छात्र अनुपस्थित रहे वही यशोदाबाई एवं कन्या शाला हायर सेकेंडरी सिहोरा में क्रमशः 2-2 छात्र अनुपस्थित रहे।



### तनाव में दिखे परीक्षार्थी

कोविड के चलते नियमित कक्षाओं का संचालन ना होने एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं का ऑफलाइन आयोजन किए जाने से परीक्षार्थी काफी तनाव में देखे गए ।

### परीक्षा ने रोकी दुल्हन की विदाई

सिहोरा के लमकना रीछी निवासी दुल्हन ने दूल्हे के साथ सात फेरे तो लिए लेकिन विदाई से पहले परीक्षा देने परीक्षा केंद्र पहुंच गई जिसके चलते विदाई कार्यक्रम लगभग 12 घंटे विलंब से संपन्न हो सका प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनपुर निवासी मोहित पटेल की बारात 16 फरवरी को लमकाना के रिछी ग्राम गई थी 17 फरवरी को दोपहर 2 बजे से दुल्हन दीक्षा का बीएससी बीएड लास्ट सेमेस्टर की परीक्षा थी दुल्हन ने विदाई से पहले अंतिम पेपर देने का प्रस्ताव रखा जिसे वर पक्ष ने स्वीकार करते हुए विदाई समारोह को शाम तक के लिए स्थगित कर पहले दुल्हन को परीक्षा देने जबलपुर रवाना किया परीक्षा के उपरांत देर रात दुल्हन की विदाई हो सकी।

## बिना जीवन बीमा चलवाये जा रहे वाहन

**सिहोरा।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बिना जीवन बीमा के कार्यभारित स्थापना के चालकों से वाहन चलवाने को गैर कानूनी बताया है कुछ विभागों के कर्मचारियों से पद के अनुसार कार्य ना लिए जाने पर रोष व्यक्त किया गया है। कुछ विभागों में वरिष्ठ पद का कार्य करवाया जा रहा है लेकिन वेतन वरिष्ठ पद का नहीं दिया जा रहा है शासन के आदेशानुसार समान कार्य का सामान वेतन के अनुसार कर्मचारियों को कार्य के आधार पर वेतन दिया जाना चाहिये अनेक अफसर कार्य के आधार पर वेतन नहीं दे रहे है संयुक्त मोर्चा के पत्र में आरोप लगाया गया है कि शिक्षा विभाग,पीएचई,आईटीआई, कोषालय ,स्वास्थ और वन विभाग के वाहन चालकों से चौकीदारी, चपरासियों से सफाई कार्य,चौकदारों से माली, मजदूरों से खानसामा, और स्थाई दल श्रमिकों से सफाई कर्मी, गार्डनों में माली,चौकदारों के कार्य कराए जा रहे है। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेन्द्र दुबे,नरेश शुक्ला, संतोष मिश्रा,संजय गुजराल,मुकेश चतुर्वेदी, देव दोनेरिया,विश्वदीप पटेरिया, योगेश चौधरी, प्रशांत सोंधिया,अजय दुबे, रवि दहायत, एस. के. वांदिल,सिहोरा तहसील अध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा, सतीष उपाध्याय, दाल चंद पासी,नरेंद्र सेन,धीरेंद्र सिंह ,आलोक अग्निहोत्री,प्रदीप पटैल, वीरेंद्र तिवारी, चंदू जाऊलकर ,पी एल गौतम,रवि बागडी,अर्जुन सोमवंसी ने समस्त कार्यभारित स्थापना के वाहन चालकों के जीवन बीमा करवाने और समस्त कर्मचारियों को कार्य के आधार पर वेतन देने की माँग की है।

**वेतन मजदूरों का ,काम माली,खानसामा का**

## रविदास जयंती पर बच्चों को बांटे टिफिन बाक्स



**सिहोरा–** संत रविदास जयंती वार्ड नंबर 9 चौधरी मोहल्ला में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । कार्यक्रम का आयोजन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष अशोक चौधरी के संयोजन में किया गया जयंती पर बच्चों को क्रिकेट बैट बॉल टिफिन बॉक्स एवं खेल सामग्री प्रदान की गई कार्यक्रम में समाज के बंधुओं के अलावा नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक परौहा,शिशिर पांडे,माधव मिश्रा,सुधाकर तिवारी,रोहित यादव, पूर्व पार्षद संजय कोल, सुरेंद्र चौधरी, संस्कार चौधरी, अनिल चौधरी, जितेन चौधरी, कमलेश चौधरी, दुर्गा चौधरी, शंकर चौधरी, लखन चौधरी, नीरज चौधरी आदि उपस्थित थे।

## गोटेगांव गृह नगर पहुंचने पर किया स्वागत सत्कार

गोटेगांव = महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट से डॉक्टर (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात अपने ग्रह नगर गोटेगांव पहुंचने पर डॉक्टर पहलाद मोहन सिंह पटेल का मित्र जनों एवं शुभचिंतकों युवाओं द्वारा नया बस स्टैंड परिसर में मिठाई खिलाकर माला पहनाकर स्वागत किया एवं अपनी शुभकामनाएं दी स्वागत करने वालों में *पार्षद गीता शरण विश्वकर्मा (गित्तू)* भूपेंद्र पटेल पंडित सूर्यकांत उपाध्याय पंडित नीरज दुबे नीलम ठाकुर राजेश पटेल अतुल जैन अशोक पटेल पवन पटेल सचिन राठौर सुनील ठाकुर धन श्री विश्वकर्मा कपिल पटेल मगन जैन मिलन पटेल चंदन गौरव ताम्रकार सत्यम पटेल दीपक चौबे सत्येंद्र पटेल जय सिंह लोधी मुन्ना दीक्षित साहिल पटेल आकाश पटेल प्रवेंद्र पटेल साहिल राजपूत अभिषेक पटवा नीरज पटेल दीपक जैन संदीप शर्मा रघु रैकवार मोहन रे पुरिया गजनी ठाकुर डब्बू सिंह ठाकुर कल्लू पटेल अतुल परिहार सौरभ ताम्रकार विवेक पटेल सत्यम नेमा प्रतीक ताम्रकार दीपक चौबे वीरेंद्र पटेल विनोद तिवारी दुर्गेश पटेल संदीप पटेल दिव्यांशु आर्य सोनू विश्वकर्मा मदन महाराज सजल पटेल जय पटेल भागीरथ झारिया भरत पटेल महेंद्र पटेल पुष्पेंद्र पटेल सुशील पटेल सद्दाम मिस्त्री पप्पू मिस्त्री वीर सिंह मिस्त्री मनीष जैन राजू पटेल आशीष जैन अभिषेक सेन सुरेश मल्होत्रा एवं बड़ी संख्या में शुभचिंतकों की उपस्थिति रही।

### शासकीय कर्मियों की ई.एस.एस. प्रोफाईल कार्यशाला आज

जबलपुर। शासकीय सेवकों की ई.एस.एस. प्रोफाईल एवं फेल्ड ट्रान्जेक्शन के संबंध में जिले के सभी आहरण- संवितरण अधिकारियों की कार्यशाला शुक्रवार 18 फरवरी को अपरान्ह 3 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई है। कार्यशाला में सभी आहरण-संवितरण अधिकारियों को लेखा लिपिक के साथ उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

**जबलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष वैभव पवार का जबलपुर आगमन सड़क मार्ग द्वारा हुआ उनका भव्य स्वागत पाटन बाईपास पर युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में किया गया जिसके पश्चात श्री पवार ने भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से भेंट की साथ ही संत शिरोमणि श्री रविदास जयंती के कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए उसके पश्चात मां नर्मदा आरती में सम्मिलित हुए। अवसर पर वैभव पवार ने कहा कि संत शिरोमणि श्री रविदास जी जिन्होंने समाज को अपने विचारों के माध्यम से सही दिशा देने का काम किया और लोगों के मन में एकरूपता स्थापित करने के लिए अनेकों उपदेश दिये उनकी जयंती के कार्यक्रम में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।श्री वैभव पवार ने कहा कि जबलपुर के लोग भाग्यशाली हैं कि उनको माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त होता है संस्कारधानी में आकर माँ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त न हो तो अधूरा सा महसूस होता है पूरे प्रदेश को अपने आँचल रूपी जल से सिंचित करने वाली मां का आशीर्वाद प्राप्त कर उनकी आरती में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।इस अवसर पर जय रोहाणी, अतुल दुबे, हरीश ठाकुर, टीटू सोनकर, राहुल कपूर, अभिषेक पॉल, अर्नव तिवारी, लीविश पटेल, चंद्रशेखर पटेल, रौनक अग्रवाल, कुक्की वर्मा, प्रणय गुप्ता, आकाश गुप्ता, ईशान नायक, अनिकेत चौरसिया, प्रतीक पांडे, अविनाश चमकेल, अनिकेत रावत, सपन यादव, मोहित चौबे, मोनू पटेल, स्नेहिल पाठक, गौरव मांझी, शिवा रैकवार, शुभम दुबे, शुभम अरिहंत, अर्जुन रजक, किशन लालवानी, यशराज शर्मा, अकील अहमद, शरद विश्वकर्मा, सचिन यादव, मयंक मिश्रा, रूपेश जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, युवराज सिंह, उदित पिल्ले, सरताज मंजिल, उमंग सोनी, पीयूष समदडिया, गोल्डी पटेल, अभय जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# दिशा पाटनी ने पांच बार उठाई 80 किलो की डंबल प्लेट्स



फैन्स ने किए ऐसे-ऐसे कमेंट

दिशा की इस एक्सरसाइज को देखकर हर किसी का मुंह खुला का खुला रह गया। इस दौरान जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा श्रॉफ ने तो यहां तक कह दिया गया कि तुमने तो आग लगा दी कुड़िए। इसके अलावा आयशा श्रॉफ ने भी दिशा के इस वीडियो की तारीफ की। वहीं, कुछ लोगों ने इस कसरत को टाइगर श्रॉफ से भी जोड़ दिया और उनका मजाक उड़ाते नजर आए। कई फैन्स ने कहा कि शादी के बाद टाइगर श्रॉफ का क्या होगा? क्या दिशा उन्हें उठाकर पटक देंगी?

### 50 मिनट में करीब छह लाख

**अपने लुक्स और अदाकारी को लेकर दिशा पाटनी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन अब उन्होंने ऐसा कारनामा कर दिया है कि फैन्स उनकी तारीफ करते थक नहीं रहे हैं।**



दरअसल, दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह 80 किलो वजन के डंबल उठाती नजर आ रही हैं। यह देखकर उनके फैन्स की सांसें अटकी रह गईं। काफी लोगों को तो इसका यकीन तक नहीं हुआ। वहीं, कुछ फैन्स ने कहा कि आग लगा दी कुड़िए... इस रिपोर्ट में जानते हैं कि दिशा पाटनी ने आखिर क्या किया और कैसे फैन्स दंग रह गए?

### दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर साझा किया वीडियो

जानकारी के मुताबिक, दिशा पाटनी ने गुरुवार (17 फरवरी) को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह जिम में एक्सरसाइज करती नजर आईं। उन्होंने पुश एंड पुल रॉड पर 20-20 किलो की चार डंबल प्लेट लगा रखी थीं। यानी कि कुल 80 किलो वजन रॉड पर लगा हुआ था। दिशा ने जब रॉड को उठाने की कोशिश की तो फैन्स की सांसें थम गईं और जब दिशा ने उस रॉड को लगातार पांच बार उठाया तो हर कोई हैरान रह गया।

### लोगों ने देखा वीडियो

दिशा पाटनी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर धूम मचा रहा है। आलम यह है कि वीडियो पोस्ट होने के महज 50 मिनट में इसे करीब छह लाख लोग देख चुके हैं। इस वीडियो पर व्यूज लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसके अलावा लोग दिशा पाटनी की मेहनत देखकर उनकी तारीफ भी कर रहे हैं।

# बॉलीवुड के डैडी पर फिर हमलावर हुई कंगना, बोलीं- मैं अपने डैडी की नहीं सुनती तो...

**कंगना रणौत अपने विवादास्पद बयानों के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर इंटरव्यू में बॉलीवुड के कुछ विशेष लोगों पर टिप्पणी करती नजर आती हैं। अपने हालिया इंटरव्यू में कंगना एक बार फिर से हमलावर होती दिख रही हैं।**



कंगना ने अपने आगामी रियलिटी शो 'लॉकअप' के प्रचार के दौरान पत्रकारों से कहा कि उन्होंने कभी बॉलीवुड के बिग डैडी की परवाह नहीं की। उनके इस बयान के बाद लोगों ने इसे करण जौहर से जोड़कर देखना शुरू कर दिया है।

मैं बचपन से ही ऐसी हूं

अपने हालिया इंटरव्यू में मीडिया से बात करते हुए एक सवाल के जवाब में कंगना ने कहा कि जब वह अपने डैडी की नहीं सुनती तो बॉलीवुड के बिग डैडी की क्या सुनेंगी। उन्होंने कहा कि उन्हें बचपन से ही डर नहीं लगता। कम उम्र में ही उसने अपना घर छोड़ दिया था। लोग सोचते होंगे कि करियर में सफल होने के बाद मैं ऐसी बनी हूं तो यह सही नहीं है। मैं बचपन से ऐसी ही हूं। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए मैंने काफी संघर्ष किया है। मैंने हमेशा ऐसे सिनेमा को चुना है, जिसमें महिला सशक्तिकरण की बात की जाती है। मैंने हमेशा से अपने दिल की सुनी है।

एकता कपूर के साथ काम करना चुनौतीपूर्ण

कंगना ने कहा कि वह लॉक अप के लिए तैयार हुईं क्योंकि वह जानती थीं कि जब भी वह एकता कपूर के साथ काम कर रही होती हैं, तो वहां चुनौतियां तो होंगी ही। इसलिए जब मुझे इस शो के लिए काम करने का मौका मिला तो मैं बिल्कुल भी नहीं डरी। आपको बता दें कि हाल ही में रियलिटी शो लॉक अप का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यह शो आप MX Player ¥õÚU AltBalaji पर देख सकते हैं।

लॉकअप शो में 16 प्रतियोगियों को बिना किसी आलीशान सुविधाओं के जेल जैसे माहौल में बंद कर दिया जाएगा। इसके साथ ही इसमें प्रतियोगियों को ऐसे साथी प्रतियोगी के साथ रखा जाएगा जिनसे उनके संबंध ठीक नहीं हैं। कंगना रणौत इस शो के अलावा तेजस और धाकड़ जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री अपना डेब्यू प्रोडक्शन वेंचर टीकू वेड्स शेरू प्रोड्यूस कर रही हैं। इसके साथ ही कंगना के पास इमरजेंसी और सीता जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं भी हैं।



# बाथरोब में बेड पर बैठ निक्की तंबोली ने दिए मिलियन डॉलर के पोज़

**%बिग बॉस 14% की कंटेस्टेंट रह चुकीं निक्की तंबोली सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने लुक से सबको हैरान-परेशान करती नजर आती हैं**

। इन फोटोज़ में निक्की तंबोली का बोल्ड अंदाज देख फैन्स तारीफों के पुल बांधते नजर आ रहे हैं। इन फोटोज़ में निक्की तंबोली बारोब पहन एक बेड पर बठ किलर पोज़ देती दिखाई दे रहीं हैं, जिन पर फैन्स का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है।

इससे पहले निक्की तंबोली ने व्हाइट शोल्डरलेस गाउन में अपनी तस्वीरें फैन्स के साथ साझा की थीं, जिनमें उनका हॉट अंदाज देखते ही बन रहा है। सोशल मीडिया पर निक्की तंबोली के लाखों फैन्स, उनकी तस्वीरों को लाइक और शेयर करते नजर आते हैं।आपको बता दें कि निक्की तंबोली ने साउथ की फिल्मों के साथ-साथ कई म्यूजिक वीडियोज़ और टीवी रिएलिटी शोज़ में भी काम किया है

# बप्पी दा की बातों को याद कर भावुक हुए अमिताभ, कहा- धीरे-धीरे वे सब हमें छोड़ कर चले....



अभिनेता अमिताभ बच्चन ने गुरुवार को बप्पी लाहिड़ी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा, %गायक-संगीतकार ने मेरी फिल्मों के लिए जो बेहतरीन गीत दिए, उन्हें उन गीतों के लिए दशकों बाद भी याद किया जाएगा%। बता दें कि बप्पी दा का आज अंतिम संस्कार किया गया। मंगलवार की रात मुंबई के अस्पताल में बप्पी लाहि ?ी ने अंतिम सांस ली थी ।अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर बप्पी दा को याद करते हुए लिखा, %बप्पी लाहि ?ी की मौत से स्तब्ध और हैरान हूं ।बप्पी लाहि ?ी ..एक अद्भुत संगीत निर्देशक का निधन .. दुखद और हैरान कर देने वाला है। इतनी जल्दी-जल्दी लोगों के गुजरने की दुखद घटनाओं से सहमा हूं। मेरी फिल्मों में उनके द्वारा गाय गानों को हमेशा याद किया जाएगा। इन गानों को आज की पी ?ी भी मजे के साथ सुनती, गुनगुनाती और गाती है।

अमिताभ ने बप्पी दा को याद करते हुए बताया कि बप्पी में सक्सेस का उल्लेखनीय सेंस था। अभिनेता ने लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर मुंबई वापस जाते समय बप्पी दा के साथ हुई बातचीत को याद किया। आपकी यह फिल्म बहुत सफल होने जा रही है और जो गीत मैंने अभी दिया है, उसे युगों तक याद रखा जाएगा%। वह सही थे ... और उनके घर, रिहर्सल्स और अच्छे अनुभव भी सीख देने वाले हैं। धीरे-धीरे वे सब हमें छोड़ कर चले जाते हैं। बप्पी लाहि ?ी का 69 वर्ष की आयु में मुंबई के क्रिटिकेयर अस्पताल में मंगलवार रात ओएसए (ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया) के कारण निधन हो गया। बुधवार को अक्षय कुमार, अजय देवगन और काजोल सहित कई बॉलीवुड हस्तियों ने दिवंगत गायक को श्रद्धांजलि देते हुए भावुक पोस्ट साझा किए थे।



# काजोल ने मुंबई के जुहू में खरीदे दो अपार्टमेंट्स, करोड़ों में है कीमत

काजोल (Kajol) ने मुंबई की जुहू स्थित बिल्डिंग %अनन्या% में दो फ्लैट खरीद हैं। इनकी कुल कीमत 11 करोड़ 95 लाख रुपये के आसपास बताई जा रही है। काजोल ने जनवरी में ही इन दोनों फ्लैट्स के लिए मोटी रकम का भुगतान किया है। काजोल और अजय देवगन के पास मुंबई में पहले से ही दो आलीशान बंगले हैं।

ये दोनों ही फ्लैट 10वीं मंजिल पर मौजूद हैं। ये दोनों फ्लैट 2000 स्क्वेयर फीट में फैले हैं। काजोल के ये दोनों नए अपार्टमेंट उनके शिवशक्ति वाले बंगले के करीब ही हैं। संपत्तियों के दस्तावेजों पर %त्रयक्ष प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड% के साथ काजोल देवगन के हस्ताक्षर हुए हैं।

### पॉश इलाके में है काजोल का घर

काजोल अपने पति अजय देवगन, बेटे युग और बेटी नीसा के साथ मुंबई के पॉश इलाके जुहू में रहती हैं। अजय देवगन और काजोल के बंगले का नाम शिवशक्ति है। ये बंगला अंदर और बाहर दोनों जगह से बेहद खूबसूरत नजर आता है।

काजोल हाई-फाई होने से बचती हैं और उनकी सिंपलिसिटी ही फैंस का मन मोह जाती है। दोनों के घर का नजारा भी इनकी इसी पर्सनालिटी से वाकिफ कराता है। काजोल और अजय ने इससे पहले जुहू की पॉश सोसाइटी में 60 करोड़ रुपये का एक नया बंगला भी खरीदा था। अजय और काजोल के इसी बंगले के पास ऋतिक रोशन, अक्षय कुमार और अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र का भी बंगला है।

# रजिस्टर मैरिज के बाद आज विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर की होगी पूरे रीति-रिवाज के साथ शादी!

**एक्टर विक्रांत मैसी अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड शीतल ठाकुर संग रजिस्टर्ड मैरिज करने के बाद आज (18 फरवरी) मुंबई में पारंपरिक शादी करेंगे। शादी की पूरी तैयारियां हो चुकी हैं। कपल की शादी काफी प्राइवेट होगी, जिसमें फैमिली और दोस्त शामिल होंगे। हालांकि इस बारें में अभी तक एक्टर की तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई है।**

### कपल ने वैलेंटाइन डे पर किया था रजिस्टर्ड मैरिज

गौतरलब है कि बीते वैलेंटाइन डे के दिन यानी 14 फरवरी 2022 विक्रांत ने शीतल के साथ रजिस्टर्ड मैरिज की थी,तब से यह कपल सुर्खियों में छाया हुआ है। उन्होंने अपने वर्सोवा के घर में ही शादी रजिस्टर करवाई थी, जिसमें दोनों की फैमिली साथ में नजर आई और एक छोटा सा रियूनियन हुआ।

### आज पारंपरिक शादी करेगा कपल

एक्टर के रीति-रिवाज के साथ सात फेरे लेने की बारें में अगर %बॉम्बे टाइम्स% की रिपोर्ट की ये बताया गया है बॉलीवुड का शानदार कपल आज (18 फरवरी) मुंबई में एक ट्रेडिशनल सेरेमनी में शादी के बंधन में बंध जाएंगे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से आगे कहा गया है कि हमेशा अपने रिलेशनशीप कम बातें करने वाले विक्रांत-शीतल आज शादी करने जा रहे हैं। शादी के बाद कपल अपनी खूबसूरती तस्वीरें शेयर कर फैंस को इस बारें में बताएंगे। जो लोग कपल को दुल्हा-दूल्हन के रूप में उनकी फोटोज देखने के लिए बेताब हैं, आज उन्हें उनकी झलक दिख जाएगी।

### 2019 में हुई थी इंगेजमेंट

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विक्रांत-शीतल ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के पहले सीजन में एक साथ काम किया था। चार साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने अपनी लाइफ में आगे बढ़ने का फैसला किया है। दोनों साल 2015 से ही एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और इनकी इंगेजमेंट नवंबर 2019 में हुई थी।

# पिता रवि टंडन के जन्मदिन पर भावुक हुईं रवीना

## सात दिन पहले ही हुआ था निधन







17 फरवरी को रवीना टंडन के दिवंगत पिता रवि टंडन की 87वीं जयंती है। अभिनेत्री ने 11 फरवरी को ही अपने पिता को खो दिया था। रवि टंडन का उनके जुहू स्थित घर पर उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया था। गुरुवार को, अपने पिता को याद करते हुए, रवीना ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे पापा। मेरी जिंदगी फिर कभी वैसी नहीं होगी। आप हमेशा मेरी आंखों के तारा रहेंगे। चीयर्स!

रवि टंडन बॉलीवुड के सबसे महान फिल्म निर्माताओं में से एक थे। उन्होंने %नजराना%, %अनहोनी%, %खेल खेल में%, %जिंदगी%, %खुद-दार%, %मजबूर% जैसी फिल्मों का निर्देशन किया था। 11 फरवरी को, रवीना ने अपने सोशल हैंडल पर उनके निधन की दुर्भाग्यपूर्ण खबर साझा की थी। उन्होंने पुरानी तस्वीरों के साथ एक इमोशनल पोस्ट शेयर करते हुए लिखा,आप हमेशा मेरे साथ चलोगे, मैं हमेशा आपके साथ रहूंगी, मैं आपको कभी जाने नहीं दूंगी। लव यू पापा।

उनके भावुक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, कई बॉलीवुड हस्तियों और दोस्तों ने शोक व्यक्त किया। माधुरी दीक्षित ने लिखा, आप और आपके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। सोनू सूद ने कहा, वह हमेशा आपके मार्गदर्शक दूत रहेंगे। जूही चावला ने भी शोक व्यक्त किया और कहा, आपको और आपके परिवार रवीना के प्रति हार्दिक संवेदना.. उनकी आत्मा को शांति मिले। ओम शांति।

रवीना टंडन ने अपने पिता रवि टंडन का अंतिम संस्कार किया था। अंतिम संस्कार में फराह खान, रिद्धिमा पंडित, साजिद खान समेत कई लोग पहुंचे। उन्होंने सभी के समर्थन और संवेदना के लिए आभार भी व्यक्त किया।

चरगंवा लूटकांड

# ईरानी गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने दबोचा, 4 फरार

**जबलपुर, यशभारत।** चरगंवा के ज्वेलर्स की दुकान में हुई लूट के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा आरोपियों के ऊपर ईनाम घोषित किया गया था, जिसके बाद पुलिस ने ईनामी गिरोह के दो आरोपियों को दबोच लिया। जिनके कब्जे से छीने हुए जेवर सहित बाइक और मोबाइल जब्त किया गया है। वहीं, अभी तक चार आरोपी मौके से फरार है। जिनकी सरगर्मी से तलाश जारी है। जानकारी अनुसार थाना चरगंवा में 13 फरवरी 22 की शाम लगभग 7 बजे श्रृजल सोनी 23 वर्ष निवासी ग्राम बिजौरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी महिमा ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की दुकान ग्राम बिजौरी मेन रोड पर है । वह जब अपनी दुकान में बैठा था 2 युवक पल्सर क्रमांक एमपी 04 व्हीसी 9850 से आए और बाइक दुकान के सामने खड़ी कर, दूसरी मोटर सायकल से 2 लड़के पीछे-पीछे आये और कहा कि उनको सोने की झुमकी एवं टाप्स दिखाओ तो उसने दुकान में रखे एक डिब्बे जिसमें 6 जोड़ी सोने की झुमकी तथा दूसरे डिब्बे जिसमें सोने के 1 जोडी टाप्स तथा चांदी की 1 जोड़ी झुमकी एवं एक जोड़ी कान की बाली रखी थी। दिखाया तो दोनों लड़के बार बार आईटम बदल बदल कर मांग कर रहे थे , वह उनको सामान दिखाते जा रहा था तभी एक युवक उसके हाथ से एक डिब्बा जिसमें 6 जोड़ी सोने की झुमकी तथा दूसरा डिब्बा जिसमें सोने के कान के 1 जोड़ी टाप्स, चांदी की 1 जोड़ी झुमकी तथा 1 जोड़ी कान की बाली रखी थी, छीनकर दोनों दौड़कर दुकान के बाहर निकले और बाहर खड़ी अपनी पल्सर मोटर सायकल क्रमांक एमपी 04 व्ही सी 9850 में बैठकर चरगवां गोटेगांव तरफ भागे ,तभी साथ में आये दूसरी मोटर सायकल वाले दोनों लड़के भी भाग गये।

## छीने हुए जेवरात सहित बाइक और मोबाइल बरामद

वह दोनों को पकड़ने के लिये चिल्लाया तो उसका भाई सचिन सोनी, भूपेन्द्र ठाकुर, टावल पैदल आ गये उसके भाई ने ग्राम बिजौरी से कार से उन लड़कों का पीछा किया जो चरगवां के पेट्रोल पम्प से धूमा रोड तरफ भाग गये। जेवरात की कुल कीमत लगभग 2 लाख रूपये थी।

### ईनाम किया था घोषित

पुलिस को पड़ताल के दौरान पता चला कि घटना को थाना निशातपुरा जिला भोपाल क्षेत्र के रहने वाले मोहसिन खान एवं मुस्तफा खान ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटित की है। एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी पर सात-सात



हजार रूपये नगद ईनाम की घोषणा की गयी थी।

### घेराबंदी कर दबोचा

पुलिस को सूचना मिली कि, जबलपुर से एक पल्सर बाइक क्रमांक एमपी 04 व्ही.सी. 9850 से दो युवक गोटेगांव तरफ जा रहे हैं, सूचना पर नाकाबंदी की गयी, गुर्रहा जंगल के पास पल्सर बाइक से 2 युवक आते दिखे, घेराबंदी कर पल्सर को रोक कर दोनों युवकों मोहसिन पिता रफीक खान 30 वर्ष निवासी गुप्ता नगर, भानपुर, हुजुर थाना निशातपुरा जिला भोपाल एवं मुस्तफा पिता जाहीर खान 23 वर्ष निवासी अमन कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड करोंद वार्ड न. 78 भोपाल थाना निशातपुरा जिला भोपाल को दबोचा गया। पल्सर क्रमांक एमपी 04 व्ही. सी. 9850 अबुतराब खान भोपाल की होना बताया गया एंव ग्राम बिजौरी स्थित ज्वेलर्स की दुकान में अपने साथियों के साथ लूट की घटना को अंजाम दियास। दोनो आरोपियों को थाना लाकर सघन पूछताछ करने पर ग्राम बिजौरी में महिमा ज्वेलर्स की दुकान में अपने अन्य साथी साहिल खान, खैबर खान, अबुतराब खान, गब्बर खान ,तनवीर खान के साथ इयान कार एंव पल्सर बाइक से आकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों से महिमा ज्वेलर्स की दुकान से छीने गये सोने टाप्स, कान की झुमकी एंव कान बाली कीमती 22 हजार रूपये के जप्त किये गये है, शेष छीने हुये जेवर अपने अन्य साथियों के पास होना बता रहे है ।

### शातिर बदमाश है आरोपी

पुलिस ने बताया कि पकडे गये दोनो आरोपी एवं फरार अन्य साथी जिला भोपाल थाना निशातपुरा क्षेत्र के ईरानी गिरोह के सक्रिय शातिर बदमाश है। गिरफ्तार उक्त आरोपियों ने अपने अन्य 5 साथियों के साथ थाना चरगवां की घटना के अतिरिक्त थाना शहपुरा, थाना बेलखेड़ा, थाना मझौली में लूट की घटना को अंजाम देना बताया है। प्रकरण में फरार अन्य 05 आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है ।



किसान के साथ गजब की धोखाधड़ी

# 91 लाख की जमीन, 21 हजार में हड़प ली

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में किसान के साथ धोखाधड़ी का अनोखा मामला सामने आया है। भेड़ाघाट कूड़न गांव के किसान के साथ दो व्यक्तियों ने 1 एकड़ जमीन का सौदा 90 लाख में कर 21 हजार रूपए देकर जमीन अपने नाम करा ली। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर किसान ने धोखेबाजों की शिकायत एसपी से की। किसान संतोष पटेल ने शिकायत करते हुए बताया कि मेडिकल गढ़ा निवासी अब्बू इब्राहिम और विजय नगर निवासी प्रतीक शुक्ला से मीरगंज स्थित 1 एकड़ जमीन का सौदा 90 लाख में किया था। दोनों के द्वारा सौदा तय होने पर उसे 21 हजार रूपए दिए। कुछ समय बाद वह जमीन के शेष पैसे लेने अब्बू और प्रतीक के पास पहुंचा तो उन्होंने पैसा देने से इंकार कर दिया। दोनों का कहना था कि उसकी जमीन पावर एटर्नी करा ली गई अब उसे पैसा नहीं देंगे।

**पीड़ित ने एसपी कार्यालय पहुंचकर की शिकायत**

रजिस्ट्री कार्यालय में पता चला सच किसान संतोष पटेल ने बताया कि बीते दिनों वह रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचा जहां पर अधिकारियों से पूछताछ की तो पता चला कि उसकी जमीन की पावर एटर्नी हो गई है। धोखाधड़ी का पता लगने पर जब वह अब्बू और प्रतीक शुक्ला के पास पहुंचा तो दोनों ने उसे धक्का मारकर भगा दिया।

# गढ़ा से 15 साल की किशोरी का अपहरण

## परिजनों ने कहा- लाडली को बहला-फुसलाकर ले गया आरोपी

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत एक किशोरी के अपहरण के बाद सनसनी मच गयी है। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है। किशोरी के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी घर से बिना बताए गायब हो गयी है, उन्हें शक है कि कोई अज्ञात युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है।

जानकारी अनुसार पुलिस को ज्योति पति मोहन नामदेव 41 वर्ष निवासी अंजनी बिल्डर्स गढ़ा ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गयी। पीड़ितों ने बताया कि जब वह घर पहुंचे तो बेटी गायब थी। उन्होंने यहां-वहां पता किया लेकिन कुछ पता नहीं चला, जिसके बाद आसपास के लोगों सहित रिश्तेदारों और बेटी की सहेलियों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी को तलाश करने में जुटी है।



### पहले भी चली गयी थी किशोरी

जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि कुछ माह पहले भी किशोरी घर से बिना बताए कहीं चली गई थी, जिसका मामला दर्ज किया था। लेकिन कुछ दिनों बाद स्वयं आ गयी थी। यह दोबारा हुआ है जब किशोरी घर से बिना बताए गायब हुई है। पुलिस किशोरी को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

# तिलवारा में छत से गिरे मजदूर की मौत

## बगैर सुरक्षा के इंतजाम किए मकान मालिक करवा रहा था कार्य, मामला दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** थाना तिलवारा के शास्त्रीनगर में बिल्डिंग का कार्य करते समय दत की रोशनदान से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गयी थी। जांचोपरांत पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पड़ताल में पाया गया कि मकान मालिक ने बगैर कोई सुरक्षा के इंतजार किए, कार्य कराया था। जिसके कारण मजदूर युवक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा।जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सोनू राय 23 वर्ष निवासी भैरवघाट पिपरिया बेलखेड़ा का शास्त्रीनगर तिलवारा में छत से गिर जाने से साथी सुरेश रजक द्वारा मेडिकल कॉलेज लाया गया था। जिसे डॉक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया।जांच पड़ताल के चलते मृतक सोनू राय के साथ काम करने वाले लोगों के पुलिस ने कथन लिए। जिन्होंने बताया कि मकान मालिक द्वारका प्रसाद कोरी निवासी शास्त्रीनगर कॉलोनी के द्वारा मकान की छत डालने का काम कराये जाते समय मकान मालिक द्वारका प्रसाद कोरी के द्वारा मकान की छत में बने ओटीएस रोशनदान के ऊपर कोई सुरक्षा या जाली नहीं लगाया गयी थी, मकान मालिक द्वारका प्रसाद कोरी 54 वर्ष निवासी शास्त्री नगर कॉलोनी के द्वारा मकान की छत डालते समय लापरवाही पूर्वक ओटीएस में कोई सुरक्षा के इंतजाम न कराते हुये कार्य कराये जाने के चलते गिरने के कारण मजदूर की मौत हो गयी। मकान मालिक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

# पति करता है अप्राकृतिक कृत्य

## ससुराल पक्ष के लोग मांग रहे दहेज, या करूं आप बताएं...

**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर थाना पहुंची एक महिला की शिकायत सुनकर थाने का पूरा स्टाफ सन्न रह गया। दरअसल महिला का कहना था कि वह अपने ससुराल पक्ष के लोगों से बेहद परेशान है। पति अप्राकृतिक कृत्य करने के लिए दबाव बनाता है, इसके लिए पति ने कई बार कोशिश की। दूसरी तरफ सास-ससुर दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहे है। महिला का पुलिस कर्मियों से कहना था कि ससुराल के लोगों ने इतना परेशान कर दिया है कि अब उसका मन कहीं नहीं लग रहा है। रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग आकर मन में आत्महत्या जैसे ख्याल आते हैं। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, प्रकरण को जांच में लिया है। जानकारी अनुसार रोते हुए थाने पहुंची 31 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि आरोपी पति अभिजीत सिहं बघेल शादी के बाद से ही अप्राकृतिक कृत्य करता है और मना करने पर प्रताड़ित करता है। वह शादी के बाद से पति से तंग आ चुकी है। थाने पहुंची पीड़ित ने बताया कि पति की प्रताड़ना के बाद सास अंजू सिंह बघेल, ससुर गुलाब सिंह बघेल, निवासी संजीवनी नगर शादी के बाद से ही कम दहेज मिलने का ताना मारकर शारीरिक और मानसिक रुप से प्रताड़ित कर रहे है।



### श्री विजय श्रीवास्तव का निधन



जबलपुर। कटरा अधारताल निवासी एड. बृजेश श्रीवास्तव , नितिन श्रीवास्तव व शहीद अब्दुल हमीद वार्ड पूर्व पार्षद विपिन मोहिनी श्रीवास्तव के पिता श्री विजय श्रीवास्तव का देवलोक गमन हो गया है। अंतिम संस्कार नर्मदा तट के किनारे ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे सक्षम, समर्थ, सार्थक के नाना था।

### हवन



हमारी पूज्य माता जी श्रीमती सरला दरबारी पति स्वर्गीय रमेश प्रसाद दरबारी का देहांत 14.02.2022 को शाम पांच बजे हो गया है। हवन दिनांक 19.02.2022 शनिवार को प्रातः दस बजे होगा।

अतः पधारकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान करें

स्थान

निज निवास श्री नर्मदा अस्पताल
उखरी चौक, एम आर-4, जबलपुर

परिवार

डॉ. साधना- संतोष सक्सेना (पुत्री- दामाद), डॉ. सुबोध- डॉ. मीता दरबारी (पुत्र-पुत्र वधु), डॉ. निधि दरबारी (पुत्री), नीरज- गार्गी दरबारी (पुत्र-पुत्र वधु), प्रशन्स दरबारी, भव्य दरबारी, एकाग्र दरबारी (पौत्र), डॉ. स्तुति सक्सेना- निखिल शंकर (दौहित्री), शुभम सक्सेना- साक्षी सिन्हा (दौहित्र), दक्षा शंकर (प्रपौत्री)


























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)